दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 230 | जयपुर | मंगलवार, 24 जून, 2025 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने पुतिन से मदद मांगी

## इजराइल का दावा- सैकड़ों ईरानी सैनिक मारे; सीरिया में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हमला

बढ़ता राजस्थान

**तेहरान/तेल अवीव (एजेंसी)।** इजराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान में सोमवार को रिहायशी इलाकों में हमले किए। हमले के बाद धुआं उठता दिखाई दिया। इजराइल से जंग के बीच ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मदद मांगी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची मॉस्को में पुतिन से मिलने गए हैं।न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, अराकची पुतिन को खामेनेई का एक लेटर देने वाले हैं, जिसमें पुतिन से समर्थन मांगा गया है। ईरान अभी तक रूस के समर्थन से खुश नहीं है। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि ईरान रूस से किस तरह की मदद चाहता है।इधर, इजराइली सेना ने सोमवार को तेहरान में ईरानी सेना की यूनिट इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से जुड़े ठिकानों पर हमले किए। इजराइल ने इन हमलों में सैकड़ों सैनिकों के मारे जाने का दावा किया है।






### पेट्रोल 120 लीटर तक पहुंच सकता है:वजह- तेल सप्लाई का सबसे बड़ा रास्ता बंद कर सकता है ईरान; क्रूड ऑयल 80 डॉलर हुआ

नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान की संसद ने हाल ही में अमेरिकी हवाई हमलों के जवाब में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने का प्रस्ताव पास किया है। अगर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होता है तो इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम पर पड़ सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये तेल व्यापार का अहम रास्ता है।इस खबर के सामने आने के बाद क्रूड ऑयल के दाम बढ़कर 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गए हैं। भारत अपनी तेल जरूरतों का बड़ा




हिस्सा इम्पोर्ट करता है। अगर क्रूड ऑयल के दाम लंबे समय तक बढ़े रहते हैं, तो तेल कंपनियों को पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने पड़ सकते हैं।

**इस मसले को सवाल-जवाब में समझते हैं**

सवाल 1-स्ट्रेट ऑफ होर्मुज क्या है और ये इतना अहम क्यों है?

जवाब- स्ट्रेट ऑफ होर्मुज एक तंग समुद्री रास्ता है, जो फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। ये सिर्फ 33 किलोमीटर चौड़ा है, लेकिन दुनिया का 20-25प्रतिशत कच्चा तेल और 25प्रतिशत नेचुरल गैस इसी रास्ते से गुजरती है। सऊदी अरब, इराक, कुवैत, कतर जैसे देशों से तेल के टैंकर इसी रास्ते से दुनियाभर में जाते हैं। भारत के लिए ये रास्ता इसलिए खास है, क्योंकि हमारा 40प्रतिशत से ज्यादा तेल इसी रास्ते आता है। अगर ये बंद हो जाए, तो तेल की सप्लाई में रुकावट आ सकती है।

सवाल 2- ईरान ने ये रास्ता बंद करने का फैसला क्यों लिया?

जवाब- ईरान और इजराइल के बीच तनाव पहले से चल रहा था, 22 जून को अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों- नतांज, फोर्डो और इस्फहान पर हवाई हमले किए। इससे नाराज ईरान की संसद ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने का प्रस्ताव पास किया।

हालांकि, इस फैसले को लागू करने के लिए ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल की मंजूरी चाहिए। ईरान का कहना है कि अगर उसे और परेशान किया गया, तो वो इस रास्ते को बंद करके वैश्विक तेल सप्लाई को बाधित कर सकता है।

सवाल 3- क्या भारत में पेट्रोल-डीजल महंगे हो जाएंगे?

जवाब-अगर ये रास्ता बंद होता है, तो तेल की सप्लाई में दिक्कत आएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि कच्चे तेल की कीमतें 30-50प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। अभी ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है, लेकिन ये 120-150 डॉलर तक जा सकता है। इसका असर भारत पर भी हो सकता है-

पेट्रोल-डीजल महंगा- तेल महंगा होने से पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ सकती हैं। माना जा रहा है कि पेट्रोल 120 रुपए प्रति लीटर या उससे ज्यादा हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर से दुबई जाने वाली फ्लाइट कैंसिल : 130 पैसेंजर्स को लेकर उड़ान भरने वाला था विमान



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** जयपुर से दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में टेक ऑफ से ठीक पहले कॉकपिट में तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद रनवे एरिया से पायलट ने फ्लाइट को फिर से एप्रन में पहुंचाया। इसमें 130 पैसेंजर्स सवार थे।5 घंटे तक फ्लाइट को ठीक करने की कोशिश की गई। फिर भी सफलता नहीं मिली। इसके बाद दुबई की इस फ्लाइट को रद्द करने का फैसला लिया गया। एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट ढ्ङ्ग - 195 सोमवार सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर दुबई के लिए उड़ान भरने वाली थी। फ्लाइट अपने निर्धारित वक्त से लगभग 30 मिनट लेट सुबह 6 बजे टेक ऑफ के लिए एप्रन से टैक्सी-वे तक पहुंची। यहां सुबह 6 बजकर 5 मिनट पर उड़ान से ठीक पहले पायलट को विमान में तकनीकी खराबी का पता चला। पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट को सूचना दी। फ्लाइट वापस टैक्सी- वे से एप्रन एरिया में पहुंची। एप्रन में 5 घंटे तक 130 पैसेंजर फ्लाइट में ही बैठे रहे। सुबह लगभग 11 बजकर 15 मिनट तक खराबी को दूर नहीं किया जा सका। अब एयर इंडिया एक्सप्रेस सभी पैसेंजर्स को रिफंड देगा।

### भारत के पास अब केवल 2 ऑप्शन हैं, अमित शाह के बयान से बौखलाए बिलावल ने दी धमकी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने भारत को एक और खोखली धमकी देते हुए कहा कि अगर भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के तहत इस्लामाबाद को पानी का उचित हिस्सा देने से इनकार कर दिया तो उनका देश युद्ध की ओर बढ़ जाएगा। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (PPP) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने नेशनल असेंबली सत्र के दौरान भारत पर निशाना साधा। बिलावल ने इजराइल के ईरान पर हमले की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से की।पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 1960 के समझौते को स्थगित कर दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले सप्ताह ऐतिहासिक समझौते को कभी बहाल न करने की घोषणा की थी।

बिलावल की यह टिप्पणी पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय द्वारा शाह की अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के प्रति बेशर्मी से उपेक्षा की आलोचना के दो दिन बाद आई है। बिलावल भुट्टो ने संसद में दिए भाषण में समझौते को निलंबित करने के भारत के फैसले को खारिज किया और पाकिस्तान के हिस्से का पानी लेने की धमकी दी। उन्होंने सिंधु बेसिन की छह नदियों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत के पास दो विकल्प हैं- पानी को उचित तरीके से साझा करें या हम सभी छह नदियों से पानी अपने पास पहुंचाएंगे।

# सीएम ने कहा- कांग्रेसी खुले मंच पर आ जाएं


## उनके पांच साल के काम से हमारा डेढ़ साल का काम ऊपर न जाए तो बताना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सीएम भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा- मैं उनसे कहना चाहता हूं कि वे खुले मंच पर आ जाएं। उनके 5 साल के हिसाब से हमारे डेढ़ साल का हिसाब ऊपर न चला जाए तो आप बता दीजिएगा। सीएम आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा- कांग्रेसी कहते हैं कि मुख्यमंत्री रुकते नहीं हैं। अरे भाई सोने के लिए और होटल में रुकने के लिए तो आप ही बहुत थे। राजस्थान की जनता का दर्द समझिए। राजस्थान के उस युवा का दर्द समझिए। राजस्थान की उस प्यासी धरती का दर्द समझिए।

**युवा, किसान, मजदूर के लिए आज काम करने की आवश्यकता**

उन्होंने कहा- राजस्थान देश का सबसे बड़ा प्रदेश है। मैं कहना चाहता हूं उनसे कि राजस्थान में आज भी बहुत बड़ी आवश्यकता है।



### सीएम बोले- बिजली उत्पादन के आंकड़े मंगवा लीजिए

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- आपने 5 साल में कितनी बिजली उत्पादन की थी। हमने डेढ़ साल में कितनी बिजली उत्पादन की है। कितने कनेक्शन दिए हैं। एक बार आंकड़े तो मंगवा लीजिए। आप ट्वीट करते हैं जनता को क्या बताना चाहते हैं। मैं आपसे स्पष्ट कहना चाहता हूं की जनता को बरगलाने का काम नहीं करें।

### कांग्रेस ने गरीबी हटाने का नारा देकर गरीबों को लूटा

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- कांग्रेस ने गरीबी हटाने का नारा देकर गरीब को लूटने का काम किया। लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने बजट में कहा था कि हम 5 हजार गांव को बीपीएल मुक्ति करेंगे। हमने उसके लिए 300 करोड़ रुपए भी दिए और मैं आपको बताना चाहता हूं। आने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़े में 5 हजार गांवों को बीपीएल मुक्ति कर देंगे। जो हमारी योजना है उनका लाभ उनको मिले। लाभ लेते हुए वह आत्मनिर्भर बने। हमें हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाना है।

### 4 राज्यों के 5 विधानसभा उपचुनाव

# गुजरात के विसावदर, पंजाब के लुधियाना में आप की जीत

बढ़ता राजस्थान

**गांधीनगर/कोलकाता/लुधियाना/ (एजेंसी)।** गुजरात की विसावदर सीट परआप कैंडिडेट गोपाल इटालिया 17554 वोटों से जीते। केरल की नीलांबुर सीट कांग्रेस ने जीती। चार राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव का रिजल्ट आ चुका है। गुजरात की कडी सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र चावड़ा जीते। उन्होंने कांग्रेस के रमेश चावड़ा को हराया। विसावदर पर AAP के गोपाल इटालिया जीते। भाजपा के कीर्ति पटेल दूसरे नंबर पर रहे।केरल में DF उम्मीदवार कांग्रेस के आर्यदन शौकत को जीत मिली। उन्होंने CPIM के एम.स्वराज को हराया। पंजाब की लुधियाना वेस्ट AAPके खाते में आई, यहां संजीव अरोड़ा जीते। कांग्रेस के भारत भूषण आसु दूसरे नंबर पर रहे।पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर TMC प्रत्याशी अलिफा अहमद जीतीं। उन्होंने भाजपा के आशीष घोष को हराया। इन सभी पांचों सीटों पर 19 जून को वोटिंग हुई थी।वहीं, कालीगंज सीट के लिए जारी काउंटिंग के बीच कृष्णानगर थाना क्षेत्र के बाराचंदगर इलाके में एक विस्फोट हुआ। घटना में 9 साल की बच्ची की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल की ष्टरूममता बनर्जी ने बच्ची की मौत पर दुख जताया। उन्होंने ङ्ग पोस्ट में लिखा- पुलिस दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।




# जयपुर मे रुक-रुककर बारिश जारी, सड़कों पर भरा पानी:आमेर, शाहपुरा एरिया में एक इंच तक बरसा पानी, आज भारी बरसात का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान


**जयपुर (का.स)।** जयपुर में सोमवार सुबह तेज बारिश हुई। परकोटा, आमेर के एरिया, जेएलएन मार्ग पर तेज बारिश हुई। बाकी हिस्सों में भी रुक-रुककर बरसात हो रही है। ब्रह्मपुरी, सुभाष चौक, जलेबी चौक समेत परकोटा के कई कॉलोनियों और मुख्य सड़कों पर पानी भर गया। इसके बाद 10 बजे से मौसम में बदलाव हुआ और हल्की धूप भी निकली। इसके बाद 10.45 बजे फिर बारिश शुरू हो गई।इससे पहले जयपुर शहर के अलावा आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी रातभर कई जगह बारिश हुई। आमेर के एरिया में एक इंच (25एमएम बारिश हुई। वहीं शाहपुरा एरिया में 21, तूंगा में 22, कोटखावदा और चाकसू में 10-10 एमएम बरसात दर्ज हुई। इधर रामपुरा डाबरी, चौमूं के एरिया में 7 से 8एमएम पानी बरसा। लगातार हल्की से मध्यम बारिश होने से जयपुर में गर्मी से राहत है। बीती रात जयपुर में न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि कल यहां अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था।



मौसम विभाग ने आज जयपुर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि 24 जून को भी जयपुर में बारिश का येलो अलर्ट है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक जयपुर में 26-27 जून तक हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

# बीजिंग में डोभाल-वांग यी की मुलाकात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सोमवार को चीन के विदेश मंत्री वांग यी से बीजिंग में मुलाकात की। इस दौरान डोभाल ने क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए आतंकवाद के हर रूप और स्वरूप के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया। बता दें कि डोभाल चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। इस बैठक में शामिल होने के दौरान उनकी वांग यी से यह अहम बातचीत हुई। भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) की ओर से जारी बयान के मुताबिक, दोनों पक्षों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हाल के घटनाक्रम की समीक्षा की।




# पहलगाम हमला- गिरफ्तार आरोपियों ने एक आतंकी पहचाना: कश्मीर पुलिस ने इसका स्केच-फोटो जारी नहीं किया था; कल दो मददगार अरेस्ट हुए थे

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर (एजेंसी)।** पहलगाम हमले के तीन आतंकियों में से एक की पहचान हो गई है। रविवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ( की गिरफ्त में आए दो आरोपियों ने बताया है कि हमला करने वाले तीन आतंकियों में से एक का नाम सुलेमान शाह है। बाकी दो पाकिस्तानी आतंकियों के नामों का खुलासा फिलहाल नहीं किया गया है।सुलेमान भी उसी आतंकी नेटवर्क का हिस्सा है, जिसमें वे आतंकी शामिल थे, जिनकी तस्वीर पहलगाम हमले के बाद सामने आई थी। इन आतंकियों में हाशिम मूसा, तल्हा भाई और जुनैद थे। हालांकि जुनैद पिछले साल ही एनकाउंटर में मार दिया गया था। जुनैद के मोबाइल फोन में ही इन आतंकियों के फोटो मिले थे। उस फोटो में सुलेमान शाह की फोटो भी है, जिसे कई पीड़ित परिवारों ने पहचान भी लिया है।




पहलगाम हमले के दो महीने बाद रविवार को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया था। NIA की जांच में खुलासा हुआ है कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी।गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार हैं।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001 , बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# पंजाब के राज्यपाल कटारिया ने मेवाड़ हार्मनी ग्रुप द्वारा पीपीपी मोड पर बनायी सड़क का किया उद्घाटन

## शहर में एक और औद्योगिक क्षेत्र का विकास होः राज्यपाल कटारिया

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** मेवाड़ हार्मनी ग्रुप द्वारा सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत मेवाड़ औद्योगिक क्षेत्र में निर्मित करायी गई सड़क का आज पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने उद्घाटन कर सड़क को जनता को समर्पित किया।

उद्घाटन के पश्चात यूसीसीआई में आयोजित यूसीसीआई में उदयपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज के पी.पी.सिंघल सभागार में दक्षिण राजस्थान के उद्यमियों के साथ एक संवादात्मक बैठक का कार्यक्रम में बोलते हुए राज्यपाल कटारिया ने कहा कि मेवाड़ हार्मनी द्वारा पीपीपी मोड पर बनायी गई यह सड़क वाकई में क्षेत्र के विकास में और प्रदूषण नियंत्रण में कारगर साबित होगी। उन्होंने उदयपुर के विकास के लिए एक और नया इंडस्ट्रियल एरिया को डेवलप करने की बात कही। साथ ही कहां थी जो भूमि अभी इंडस्ट्रियल एरिया में पड़ी है उसका भी कैसे सदुपयोग हो इसके बारे में भी विचार करना चाहिए। ऐसे कार्य अनवरत चलने चाहिए।

उन्होंने कहा कि मेवाड़ हार्मनी ग्रुप जनहित के अनेक कार्य करता रहा है। जिसमें यह सबसे बड़ा कार्य है। सरकार में रहते हुए पीपीपी मोड पर उन्होंने भी कई स्कूलों अस्पतालों में काम करवायें लेकिन पीपीपी मोड पर सड़क बनाना यह पहली बार उनकी जानकारी में आया है। इस संबंध में वह राज्य सरकार से बात कर इस तरह के प्रोजेक्ट को प्रोत्साहन देने की बात कहेंगे।

कटारिया ने पीपीपी मोड पर उदयपुर के विकास की चर्चा करते हुए कहां की हमारे एमबी जनरल हॉस्पिटल में 100 करोड़ से अधिक के कार्य भामाशाहों द्वारा करवाए गए हैं आज कोई भी मशीन ऐसी नहीं है जो अन्य जगहों पर हो और हमारे हॉस्पिटल में उपलब्ध नहीं हो। इसी तरह का काम उन्होंने आयड नदी में भी किया। आज वह गंदगी और दुर्गंध से मुक्त होकर साफ और और स्वच्छ दिखाई देती है। दान देने वालों की उदयपुर में कोई कमी नहीं है लेकिन दान लेने वाला भी उस योग्य होना चाहिए।



यूसीसीआई अध्यक्ष मनीष गलुंडिया ने कहा कि पीपीपी मोड पर बनी यह सड़क मात्र सड़क नहीं है बल्कि यह भविष्य के विकास को दर्शाने वाला एक मॉडल है। यह सड़क आने वाले समय में इस एरिया में विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। इस सड़क के माध्यम से और लोगों का जुड़ाव होगा एवं प्रदूषण नियंत्रण में भी सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि यूसीसीआई ने इससे पूर्व भी पीपीपी मोड पर कई कार्य किए हैं जिनमें बच्चों को स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी कार्य एवं डंपिंग यार्ड बनाना शामिल है।

पीपीपी मोड पर बनी यह सड़क वाकई में क्षेत्र के विकास में और प्रदूषण नियंत्रण में कारगर साबित होगी। उन्होंने उदयपुर के विकास के लिए एक और नया इंडस्ट्रियल एरिया को डेवलप करनें की बात कही, साथ ही कहां कि जो भूमि अभी इंडस्ट्रियल एरिया में पड़ी है उसका भी कैसे सदुपयोग हो इसके बारे में भी विचार करना चाहिए।

समारोह में पूर्व विशिष्ट अतिथि रीको की प्रबन्ध निदेशक श्रीमती शिवांगी स्वर्णकार, सेलो वर्ल्ड लिमिटेड के सीएमडी प्रदीप घीसूलाल राठौड़, राज्य के पूर्व मुख्य सचिव पी.एन. भंडारी, यूसीसीआई के संरक्षक बी.एच. बापना,रीको जयपुर के महाप्रबन्धक डी.के.शर्मा, रीको महाप्रबधक अजय पण्ड्या ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कई सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन साक्षी जैन ने किया। प्रारंभ में दीप प्रज्वलन के रस्म के बाद अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर यूसीसीआई महासचिव अशीष छाबड़ा सहित अनेक उद्योगपति मौजूद थे।

## रजक धोबी समाज समिति ने जिला स्तरीय सम्मान समारोह का लिया निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिला में रजक धोबी समाज समिति की कार्यकारिणी की बैठक समिति के संरक्षक पावटा कस्बा निवासी बद्री प्रसाद चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 13 जुलाई को जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। समिति अध्यक्ष सत्यनारायण कन्नौजिया ने बताया कि कार्यक्रम कृष्णा मैरिज पैलेस में आयोजित होगा। जिसमें कक्षा 5 और 8 में एक ग्रेड श्रेणी के उत्तीर्ण विद्यार्थी और कक्षा 10 और 12 में 70 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं समेत नीट और आईआईटी में चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने समाज के विकास और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के आयोजनों की सराहना की। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। सभी से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

## किसानों के लिए वरदानः निशुल्क बाजरा बीज वितरण,198 किसान हुए लाभांवित



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा कस्बे के ग्राम सेवा सहकारी समिति में सोमवार को एक महत्वपूर्ण आयोजन हुआ, जिसमें कृषि विभाग द्वारा निशुल्क बाजरा बीज किसानों को वितरित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जीएसएस अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत ने की, जिन्होंने किसानों के हित में राज्य सरकार की पहल की सराहना की। राज्य सरकार द्वारा राज सीड्स का हाईब्रीड उन्नत किस्म का बीज 198 किसानों को उपलब्ध करवाया गया। इस पहल से किसानों को अपनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने और अपनी आय में वृद्धि करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में समिति व्यवस्थापक कैलाश चन्द स्वामी, कृषि पर्यवेक्षक जीतू यादव, कृषि विभाग से कैलाश यादव, गोपाल सैनी, घासी मीणा, श्याम सुन्दर चावला, आनन्द सिंह, नरेश सैनी, रामकरण सैनी, प्रेमप्रकाश सैनी समेत ग्रामीण क्षेत्र के किसानबंधुओं और कर्मचारी गण मौजूद रहे। जीएसएस अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत ने किसानों के हित में अपनी प्रतिबद्धता दिखाई और उन्हें निशुल्क बाजरा बीज वितरित करने के लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उनकी पहल से किसानों को अपनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने और अपनी आय में वृद्धि करने में मदद मिलेगी।

### अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ प्रागपुरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 09 किलो 340 ग्राम डोडा चुरा के साथ अभियुक्त राकेश सैनी गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 09 किलो 340 ग्राम डोडा चुरा के साथ अभियुक्त राकेश सैनी को गिरफ्तार किया है। कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत एएसपी वैभव शर्मा और डीएसपी शिप्रा राजावत के निर्देशन में प्रागपुरा थानाधिकारी किरण सिंह के नेतृत्व में कॉस्टबेल मनोज कुमार, कॉस्टेबल बाबूलाल व कॉस्टेबल मनोज की एक टीम का गठन कर अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। प्रागपुरा थानाधिकारी किरण सिंह मय टीम ने दौराने चैंकिग बदमाशान नील कण्ठ ढाबा (होटल) पावटा से खुले में टीन शेड के निचे से अवैध डोडा चुरा के साथ अभियुक्त राकेश सैनी पुत्र मालीराम सैनी निवासी जाजाला की ढाणी तन प्रागपुरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अवैध डोडा चुरा पिसने में प्रयुक्त मिक्सी मशीन और इलेक्ट्रोनिक कांटा भी जप्त किया है। अभियुक्त राकेश सैनी के खिलाफ प्रकरण संख्या 254/2025 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया गया है।

## पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पप्पु भारद्वाज की स्वर्ण जयंती वर्षगांठ पर बधाई देने पहुंचे पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट सहित कई वरिष्ठ नेता

बढता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक भारद्वाज की शादी की 50वीं सालगिरह के पावन अवसर पर रविवार को आयोजित समारोह में राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुई।इस अवसर पर पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जी जाट ने स्वयं उपस्थित होकर भारद्वाज दंपत्ति को शुभकामनाएं प्रेषित कीं और उनके दीर्घ, स्वस्थ एवं आनंदमय दांपत्य जीवन की कामना की।समारोह में विशेष रूप से नगर कांग्रेस अध्यक्ष बालमुकंद तोषनीवाल, पीसीसी सदस्य संदीप महावीर जीनगर, पूर्व सीसीबी चेयरमेन भंवरू खां, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, सरपंच बलवन्त सिंह राठौड़, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमजान खान कायमखानी, सुरेन्द्र मेहता, रमेश शर्मा, गोविंदराम बिड़ला, पार्षद मुबारिक हुसेन, पूर्व पार्षद प्रभु सुगंधी, सद्दीक पठान, पत्रकार सुभाष व्यास एवं रजत जैन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह का माहौल पारिवारिक आत्मीयता से भरा हुआ रहा और सभी अतिथियों ने अशोक भारद्वाज एवं उनकी धर्मपत्नी को इस विशेष अवसर पर शुभकामनाएं दीं।



# नैचुरा आई केयर और योगा सेंटर में होता है आखों का ईलाज

### 1 जुलाई तक प्रतिदिन 2 घंटे निःशुल्क रहेगा शिविर

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। मींरा नगर स्थित एनआईसीसी में नेचुरा आई केयर एवं योगा सेन्टर में प्राकृतिक तरीके से आँखों का बिना किसी दवा, बिना कोई सर्जरी के सिर्फ़ प्रकृति की शक्ति और सिद्ध नेत्र व्यायाम से ईलाज किया जाता है।एनआईसीसी की निदेशक डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने बताया कि हज़ारों लोग प्रति दिन चुपचाप आँखों की आम समस्याओं से पीड़ित होते हैं जिन्हें प्राकृतिक रूप से ठीक किया जा सकता है। आँखों की समस्याओ से अनेक पीड़ित है जिनकी यहां पर सहायता की जाती है। जिसमें नजदीक या दूर की दृष्टि की समस्या,धुंधली या धुंधली दृष्टि,ध्यान केंद्रित करने, स्पष्ट रूप से देखने में कठिनाई, अंधेरे के बाद या कम रोशनी में देखने में संघर्ष करना,सूखी, चिड़चिड़ी या तनावग्रस्त आँखे, खास तौर पर स्क्रीन उपयोगकर्ताओं के लिए, बच्चों में भेंगापन पाया जाता है जिसे हम अक्सर अनदेखा करते है,अत्यधिक पलक झपकाना या आँख फड़कना,आँखों की थकान या तंत्रिका तनाव का संकेत, बच्चों में विशेष रूप से प्रभावी आलसी आँख (एम्ब्लियोपिया), उम्र बढ़ने के कारण 40 वर्ष के बाद दृष्टि में प्राकृतिक गिरावट व कमज़ोर आँखें,सिरदर्द, आँखों में दर्द और ध्यान केंद्रित करने में समस्याएँ, दृश्य तनाव के कारण यहां पर उनका उपचार किया जाता है। उन्होंने बताया कि आमजन को इसके लाभ बतानें के लिये 1 जुलाई तक 7 दिन का शिविर निःशुल्क रहेगा जो प्रतिदिन सांय 4 से 6 बजे आयोजित होगा।




## अनिल छाजेड़ को प्रान्त के बेस्ट प्रेसीडेन्ट सहित क्लब को 13 अवार्ड मिलें

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 का वर्ष 2024-25 का आभार प्रदर्शन समारोह आदित्य जयपुर में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राखी गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें वर्ष पर्यन्त सर्वश्रेष्ठ सेवा कार्य करने वालें क्लबों,अध्यक्षों सचिवों एवं अनेक रोटेरियन को सेवा कार्य करने पर व्यक्तिगत अवार्ड प्रदान किये गये।समारोह में रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर के अध्यक्ष अनिल छाजेड़ को रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 के सर्वश्रेष्ठ प्रान्तीय अध्यक्ष के पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा क्लब को बेस्ट बुलेटिन का पुरूस्कार बुलेटिन संपादक ओ.पी.सहलोत,पीडीजी निर्मल सिंघवी को आदित्य स्तम्भ पुरस्कार,पीडीजी निर्मल कुणावत को पीडीजी अशोक गुप्ता गोल्ड मेडल अवार्ड,अध्यक्ष अनिल छाजेड़ को क्लब स्तर पर भी सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का पुस्स्कार, सर्वश्रेष्ठ सचिव के लिये भरत सरूपरिया,आदित्य डायमंड क्लब उत्कृष्टता पुरस्कार से क्लब के दीपक मेहता,डॉ. अजय मुर्डिया, डॉ. प्रदीप कुमावत,अजय अग्रवाल,गजेंद्र जोधावत को,क्लब को सार्वजनिक छवि एवं मार्क मैलोनी वार्षिक निधि के लिये प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।



## श्री महावीरजी थाना पुलिस, साइबर सेल व जिला स्पेशल टीम ने 103 ग्राम 61 मिलीग्राम इसमें के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** श्री महावीरजी थाना पुलिस, साइबर सेल व जिला स्पेशल टीम की संयुक्त कार्यवाई में अवैध मादक पदार्थ स्मेक 103 ग्राम 61 मिलीग्राम जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार जब्त की गई स्मेक की अंतराष्ट्रीय कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई गई है। एडीशनल एसपी सत्येंद्र पाल सिंह ने सोमवार को रिको उद्योग मंडल स्थित ए एस पी कार्यालय में खुलासा करते हुए कार्यवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया गिरफ्तार आरोपी सवाई माधोपुर जिले के वजीरपुर थाना क्षेत्र के बड़ोली निवासी राजाराम मीना है। उन्होंने बताया कि श्री महावीरजी थाना प्रभारी रामनिवास सिंह, डी एस टी टीम प्रभारी सब इंस्पेक्टर देवेश कुमार व साइबर सेल के हैड कांस्टेबल जिलय सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाई कर आरोपी राजाराम मीना को श्रीमहावीरजी के पाटोंदा स्थित रेलवे ओवरब्रिज के पास गिरफ्तार किया है। वही पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि स्मेक तस्कर ने उक्त स्मेक को बारा जिले से खरीदा है। जिसकी सप्लाई करने यहां पहुंचा था। अभी तक हुई पूछताछ में स्मेक तस्कर ने पुलिस को जानकारी दी है कि आरोपी गंगापुर सिटी, करौली, नादौती,श्री महावीरजी के आसपास क्षेत्रों में स्मेक की सप्लाई करता रहा। एडीशनल एसपी ने बताया कि उक्त आरोपी से अग्रिम पूछताछ व अनुसंधान की कार्यवाई सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा द्वारा की जा रही है। पूछताछ में क्षेत्र में स्मेक तस्करों के साथ खरीद - फरोख्त से जुड़े अन्य आरोपियों के नाम उजागर हो सकते है। इसी के साथ बड़ी मात्रा में बरामद स्मेक की खरीद को लेकर गहनता से पूछताछ की जाएगी। गठित टीम में आकाश सोलंकी, पालवेन्द्र सिंह, रवि कुमार रणवीर सिंह रामदास ललित किशोर नेमीचंद कमल वीरेंद्र देशराज अमीरसिंह सत्येंद्र सिंह की अहम भूमिका रही।




## आमली बंगला चौराहे पर बंजारा समाज के नाता प्रथा को लेकर तनाव, पुलिस वाहन पर हमला - मुकदमा दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा, कस्बे के आमली बंगला चौराहे पर राविवर दोपहर को बंजारा समाज में नाता प्रथा से जुड़े एक मामले को लेकर भारी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हो गए। इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस के पहुंचते ही कुछ अज्ञात लोगों ने अचानक पुलिस की गाड़ी पर हमला कर दिया और तोड़फोड़ कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात हमलावरों के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने तथा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घटना की जांच शुरू कर दी गई है और सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य तकनीकी सबूतों के आधार पर जल्द ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थानाधिकारी ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फिलहाल इलाके में स्थिति नियंत्रण में है।

## अजमेर जिले के भिनाय उपखंड के ग्राम पंचायत केरोट में दलित परिवारों को बारिश में जीना हुआ दुश्वार

### ग्रामीण ग्राम पंचायत प्रशासन से लगातार 2 साल से नाला शुद्धिकरण निर्माण की कर रहे मांग, यहा ग्राम पंचायत प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है





बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले में भिनाय उपखंड की ग्राम पंचायत कैरोट में ग्राम पंचायत प्रशासन की गौर लापरवाही सामने आ रही है। यहां ग्राम के चारों ओर रास्ते अतिक्रमण की भेंट चढ़ते हुए, आम मार्ग चौपट हो रहे हैं। और बरसादी पानी आम रास्तों पर भरा हुआ है, इस और ग्राम पंचायत प्रशासन का बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही है। यहां बरसाती पानी आम रास्तों को जमा हो चुका है, लेकिन प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि 4 साल से लगातार ग्राम सभा में इस नाला निर्माण मांग को लिखवाते आ रहे हैं। लेकिन ग्राम विकास अधिकारी और द्वारा अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम विकास अधिकारी द्वारा दलित परिवार वाले मोहल्ले में विगत वर्षों से अपेक्षा ही की गई है। अगर अभी भी सुनवाई नहीं हुई तो केरोट के ग्रामीण कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना प्रदर्शन करेंगे जिसकी समस्त जवाबदारी प्रशासनिक अधिकारियों की रहेगी। और बताया कि यह सड़क केरोट से सीधा कादोलाई का मात्र एक रास्ता है, जिस पर केकड़ी, अजमेर भीलवाड़ा कोटा, और विजयनगर, ब्यावर, सहित को काफी शहरो को जोड़ता है। जिसको लेकर आम जन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्राम पंचायत प्रशासन बरसाती नाले अवरोध होने के कारण यह समस्या बन रही है लेकिन ग्राम विकास अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं देता है। अगर इस पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कैरोट के दलित वर्ग के और ग्राम वासी आज के पांचवें दिन उपखंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे।इस दौरान ग्रामीण ग्राम पंचायत पर प्रशासन के विरुद्ध जबरदस्त आक्रोश उत्पन्न कर रहे है।

## भागीरथ चौधरी के प्रयास लाए रंग, संसदीय क्षेत्र अजमेर को 99 करोड़ की तीन सड़क परियोजनाओं को दी मंजूरी

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी के निरंतर प्रयासों से अजमेर संसदीय क्षेत्र को तीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को केंद्र सरकार ने मंजूरी प्रदान की है। इन परियोजनाओं के तहत कुल ?99.01 करोड़ की लागत से सुदूरवर्ती और ग्रामीण मार्गों का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों की कनेक्टिविटी और यातायात सुविधाओं में अभूतपूर्व सुधार होगा।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा लिखे पत्र में इस बात की पुष्टि की गई है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय सड़क एवं अधोसंरचना निधि योजना के अंतर्गत अजमेर संसदीय क्षेत्र की तीन सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। यह स्वीकृति केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद भागीरथ चौधरी द्वारा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को लिखे गए पत्र और उठाई गई मांग के परिणामस्वरूप मिली है।

### ग्रामीण क्षेत्र विकास के मुख्यधारा से जुड़ेंगे

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने इस स्वीकृति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ सड़कों का निर्माण नहीं है, बल्कि ग्रामीणों को मुख्यधारा से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। इन परियोजनाओं से न केवल यात्रा सुविधाएं बेहतर होंगी, बल्कि स्थानीय व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि अजमेर क्षेत्र का सर्वांगीण और संतुलित विकास हो, विशेषकर उन क्षेत्रों का जो अब तक विकास से वंचित रहे हैं। यह स्वीकृति अजमेर की जनता के लिए एक बड़ी राहत और उपलब्धि है, जिससे आने वाले वर्षों में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

## आईएएस प्रियंका गोस्वामी ने संभाला कोटपूतली-बहरोड़ के जिला कलक्टर का पदभार




बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** कार्मिक विभाग राजस्थान सरकार के आदेशों की पालना में सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी (2014) प्रियंका गोस्वामी ने कोटपूतली-बहरोड़ के जिला कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया. प्रियंका गोस्वामी इससे पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी, जयपुर राजस्थान के पद पर कार्यरत थीं. इससे पूर्व वह एडिशनल मिशन डायरेक्टर नेशनल हेल्थ मिशन राजस्थान, सेक्रेटरी स्टेट इंफॉर्मेशन कमिशन जयपुर, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त कोटा के पद पर रह चुकीं हैं. उन्होंने जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के स्थान पर पदभार ग्रहण किया है जिन्हे अब जिला टोंक में जिला कलेक्टर के पद पर लगाया गया है।पदभार ग्रहण करने के उपरांत प्रियंका गोस्वामी ने जिले के अधिकारियों से परिचयात्मक चर्चा कर जिले की विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता सरकार के निर्देशानुसार सभी कार्यों और योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन कर आमजन को लाभांवित करना है।इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण, डीएसओ शशि शेखर शर्मा सहित कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी मौजूद रहे।

### राज्य वन्यजीव मण्डल की 15वीं बैठक

# वन, वन्यजीव और जैव विविधता महत्वपूर्ण, संरक्षण एवं संवर्धन हमारी प्राथमिकता- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**विकास कार्यों के प्रस्तावों को मिली स्वीकृति - मानसून में लगाए जाएंगे 10 करोड़ पौधे, हर गांव-हर शहर में बनाएं वन मित्र और वृक्ष मित्र**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वन्यजीव संसाधन राज्य की गौरवशाली पहचान है। वन्यजीवों का संरक्षण एवं संवर्धन करना हम सभी की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार वन्यजीवों तथा जैव विविधता के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही है। शर्मा ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन्यजीव प्रबंधन के कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग हो। इसमें जनता की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य वन्यजीव मण्डल की 15वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में वन्यजीव पारिस्थितिकी तंत्र के मुख्य घटक होते हैं। ऐसे में वन्यजीवों के महत्व को लेकर व्यापक स्तर पर जागरुकता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश के वन्यजीव संसाधनों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों से वन्यजीव संरक्षण के संबंध में सुझाव लिए जाएं।

### 89 स्वीकृति प्रस्ताव अनुमोदित–

राज्य वन्यजीव मंडल द्वारा पूर्व में सर्कुलेशन के माध्यम से अनुमोदित 65 वन्यजीव स्वीकृति प्रकरणों का अनुमोदन किया गया। साथ ही, राज्य वन्यजीव मंडल ने सोमवार की बैठक में 24 प्रस्तावों का अनुमोदन किया। इससे वन्यजीव संरक्षण व संवर्धन के कार्यों को गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन हमारी विरासत है। प्रकृति का संरक्षण पुण्य समान है। इसलिए पर्यावरण संरक्षण के लिए छोटे-



छोटे विषयों पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने लैन्टाना उन्मूलन की एसओपी का अनुमोदन किया। साथ ही, जूली फ्लोरा को अभियान चलाकर जन सहयोग से हटाने और उनके स्थान पर अन्य पौधे लगाने के निर्देश दिए।

शर्मा ने कहा कि साइबेरियन क्रेन जैसे प्रवासी पक्षियों को पुन: राजस्थान में लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा वन्यजीव क्षेत्र में किए कार्यों के लिए सराहना की। उन्होंने संस्था प्रतिनिधियों से कहा कि वन्यजीव संरक्षण और संवर्धन की दिशा में आगे बढ़े, राज्य सरकार पूर्ण रूप से आपके साथ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने मानसून में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कहा कि हर गांव-हर शहर में वन मित्र और वृक्ष मित्र बनाए जाएं, उनके सामूहिक प्रयासों से ही प्रदेश पर्यावरण संरक्षण की दिशा में और आगे बढ़ेगा। इस दौरान राज्य के वन्य क्षेत्रों में विकास से सम्बंधित विभिन्न प्रस्तावों सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री संजय शर्मा सहित समिति सदस्य, विभागीय अधिकारी और विषय विशेषज्ञ उपस्थित थे।

## निवाई में कांग्रेस नेताओं का जोरदार स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** निवाई के लालवाड़ी मोड़ पर रविवार को कांग्रेस नेताओं गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली का भव्य स्वागत किया गया। कोटा-बारा जाते समय दोनों नेता जैसे ही निवाई पहुंचे, पहले से मौजूद कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर चौधरी, शहर अध्यक्ष सतीश शर्मा समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर नेताओं का स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और नारों के साथ कार्यक्रम में जोश भर गया।



तनवीर कुरैशी ने कहा पार्टी की एकता का प्रतीक है यह स्वागत कांग्रेस प्रवक्ता तनवीर कुरैशी ने बताया कि कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। यह स्वागत कांग्रेस की एकजुटता और संगठनात्मक ताकत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह जोश पार्टी को मजबूती देगा।

नेताओं के साथ फोटो लेने को उमड़े कार्यकर्ता नेताओं के साथ फोटो खिंचवाने के लिए युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। कई कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो साझा कर मौके को यादगार बना दिया।

इस मौके पर पार्टी नेताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह बताता है कि कांग्रेस पूरी ताकत से आगामी चुनावों की तैयारी में जुटी है। स्वागत समारोह ने साबित किया कि पार्टी की जड़ें जमीनी स्तर तक मजबूत हैं।

## ग्राम सरुण्ड में होगा 108 कुण्डीय नवदिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का भव्य आयोजन 26जुलाई 2025 से

बढ़ता राजस्थान

कोटपुतली(बिल्लूराम सैनी)। कोटपुतली के ग्राम सरुण्ड धाम स्थित पावन श्री श्री 1008 श्री माधवदास जी सरुड धाम में एक ऐतिहासिक और दिव्य आध्यात्मिक आयोजन की तैयारियाँ जोर शोर से चल रही हैं।आगामी 26 जून 2025 से 4 जुलाई 2025 तक यहां 108 कुण्डीय नवदिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर महंतश्री रतिराम दास जी महाराज के पावन सान्निध्य व निर्देशन में संपन्न



होगा।इस अद्वितीय धार्मिक अनुष्ठान में भारत के विभिन्न क्षेत्रों से अनेक प्रसिद्ध संत-महात्मा, कथा वाचक एवं विद्वान शामिल होंगे, जो श्रद्धालुओं को रामकथा के दिव्य प्रसंगों, श्रीराम के आदर्शों और यज्ञ की महत्ता से अवगत कराएंगे।आयोजन की शुरुआत 26 जून को प्रातः 8:15 बजे भव्य कलश यात्रा से होगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, श्रद्धालु और संत भाग लेंगे। इसके पश्चात 27 जून से प्रतिदिन प्रात: 8:15 बजे यज्ञ एवं दोपहर 12:15 से 4:15 बजे तक श्रीराम कथा का वाचन होगा। कथा वाचक होंगे हरि मोहन शास्त्री जी वृन्दावन, और यज्ञाचार्य होंगे पं. विकाश शास्त्री जी (काशी)। आयोजन स्थल पर भजन-संध्या, प्रवचन, हवन,आरती एवं प्रतिदिन विशाल भंडारे का आयोजन होगा,जैसी धार्मिक गतिविधियाँ नियमित रूप से होंगी।इस अवसर पर देशभर से अनेक श्रद्धेय संतगण पधारेंगे, जिनमें प्रमुख हैं-श्री श्री 1008 श्री परमानन्द जी महाराज,श्री श्री 1008 श्री माधवदास जी महाराज,श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर प्रहलाद दास जी महाराज कुंडा धाम ,महाराज अन्य अनेक संत-महात्मा, साधु-संतगण इस आयोजन का उद्देश्य ग्राम सरुण्ड व आसपास के क्षेत्र में धार्मिक चेतना का विस्तार,राम नाम की महिमा का प्रचार और समाज में संस्कारों का पुनरुत्थान करना है। आयोजन समिति ने समस्त ग्रामवासियों, श्रद्धालुओं एवं धर्म प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस पुण्य आयोजन में भाग लें और यज्ञ-कथा श्रवण कर धर्म, भक्ति और पुण्य का लाभ प्राप्त करें।

## युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने के लिए हर संभव प्रयास हो सुनिश्चित

**जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश : कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की समिति की बैठक : अंतर विभागीय सहयोग एवं समन्वय से नशे पर नकेल कसने के लिए किया निर्देशित : नशा मुक्त जयपुर अभियान के तहत तंबाकू मुक्त पुलिस स्टेशन के पोस्टर का किया विमोचन**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को जिले में युवाओं को नशे की लत से दूर करने और दूर रखने के लिए प्रभावी कार्ययोजना का धरातल पर क्रियान्वयन के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित है।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने नशा मुक्त



जयपुर अभियान के तहत तंबाकू मुक्त पुलिस स्टेशन का पोस्टर विमोचन किया। उन्होंने ने अधिकारियों को सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करने वालों के साथ-साथ विद्यालयों एवं कॉलेजों के पास स्थित दुकानों पर तम्बाकू उत्पाद बेचने वालों, दवा दुकानों की जांच करने एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री, तय सीमा से अधिक दवा बिक्री, बिना लाइसेंस के दवा बिक्री सहित समस्त प्रकार की अनियमितताओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

बैठक में जिला कलक्टर ने औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को जयपुर जिले की शत प्रतिशत मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए दुकानदारों को प्रेरित करने के निर्देश दिये।

जिला पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आनन्द शर्मा ने बताया कि कोटपा अधिनियम, 2003 सिगरेट और तंबाकू से जुड़े उत्पादों पर नियंत्रण रखने के लिए बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत, सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान करना, तंबाकू बेचना, और तंबाकू से जुड़े विज्ञापन करना मना है कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने पर जुर्माना और जेल हो सकती है।

बैठक में जानकारी दी गई कि एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 (एफ) के तहत नारकोटिक्स के मुकदमे के अपराधियों के विरुद्ध वित्तीय जांच करने का प्रावधान है। एक्ट के प्रावधानों के तहत इस मुकदमे के 6 साल पूर्व तक की अवधि में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार से अर्जित संपत्तियों चाहे वह परिवार के किसी अन्य सदस्य के नाम पर हो अथवा बेनामी हो उसको सीज अथवा फ्रीज किया जा सकता है। एक्ट के तहत वाणिज्यिक मात्रा में बरामद मादक पदार्थों के तस्करों एवं ऐसी प्रवृत्तियों में अभ्यस्त तस्करों को एक साल तक जेल में निरुद्ध करने का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि आमजन मानस पोर्टल अथवा हेल्पलाइन नंबर 1933 पर ऐसे अपराधियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

## भास्कर ए सांवत ने किया गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का कार्यभार ग्रहण



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी भास्कर ए. सावंत ने सोमवार को शासन सचिवालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह रक्षा, जेल एवं राजस्थान राज्य अन्वेषण ब्यूरो एवं पदेन मुख्य सतर्कता आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव, आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग का कार्यभार ग्रहण किया। कार्य ग्रहण के बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सांवत ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। इस दौरान विशिष्ट शासन सचिव गृह अविचल चतुर्वेदी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की नियमित जनसुनवाई, 'जनसेवा ही संकल्प' के सिद्धांत पर कार्य कर रही राज्य सरकार

**जनसुनवाई बना सरकार और जनता के मध्य 'सेतु' मौके पर हो रहा परिवादियों की समस्याओं का हल**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार'जनसेवा ही संकल्प' के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा नियमित रूप से की जा रही जनसुनवाई में जनता और सरकार के मध्य सीधा संवाद स्थापित हो रहा है। जनसुनवाई में परिवादी मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी पीड़ा रखते हैं तथा मुख्यमंत्री भी प्रत्येक परिवादी को आत्मीयता से सुनकर मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर हुई जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाओं को व्यक्तिश: विस्तार से सुना तथा अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी परिवादियों की समस्याओं का



समयबद्ध निस्तारण करें, जिससे आमजन को शीघ्र राहत मिल सके।

**भूतपूर्व सैन्य अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भेंट किया सिंदूर का पौधा**

जनसुनवाई के दौरान भूतपूर्व सैन्य अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सिंदूर का पौधा भेंट किया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं शौर्य के लिए सैन्य अधिकारियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। इस अवसर पर जिला कुश्ती संघ के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को प्रदेश में कुश्ती खेल को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सुझाव दिए, जिस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस संबंध में सकारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, कृषि, गृह, राजस्व, सिंचाई, परिवहन, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, मनरेगा, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

## पं.दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा आज से

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली( बिल्लूराम सैनी )।** आगामी 24 जून से 09 जुलाई तक पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर षिविरों का आयोजन किया जायेगा। कोटपूतली बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को आंवटित कार्यो एवं पखवाड़ा के अन्तर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर प्रात: 09.30 से सायं 05.30 बजे तक षिविरों का आयोजन किया जाना है। कोटपूतली की 21 ग्राम पंचायतों पर अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्युटी लगाई गई एवं षिविरों को सफल बनाने के लिये विभाग द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बरोल**
**पं. स. मालपुरा – टोंक**

क्रमांक :- 2025-26/ग्रा.पं./010 दिनांक : 23.06.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंचायत समिति मालपुरा की अधीनस्थ ग्राम पंचायत बरोल के समस्त क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर-घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, सरकारी कार्यालयो से कचरा संग्रहण, पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली, नाले की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई एवं मृत पशु निस्तारण कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 24.06.2025 को प्रातः 10 बजे से दिनांक 03.07.2025 को सायं 06 बजे तक ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।
निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी राज्य सरकार के प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

NIB code ZTN2526A0502

UBN Code ZTN2526WSOB00546

**प्रशासक / ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत बरोल पं. स. मालपुरा – टोंक**

## सम्पादकीय

# ईरान पर अमेरिकी हमलों के बाद पाकिस्तान की 'नोबेल डिप्लोमेसी' पर गिरी गाज

हम आपको यह भी बता दें कि पाकिस्तान के कुछ नेताओं और प्रमुख हस्तियों ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर अमेरिका के हमले के बाद सरकार से 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम की सिफारिश करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा है।

पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर को अपने अमेरिका दौरे पर इतराते हुए और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किये हुए 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि पाकिस्तान एक बड़े राजनयिक संकट में फंस गया और उसे ऐसा डिप्लोमेटिक यूटर्न लेना पड़ा जोकि राजनय के इतिहास में हमेशा के लिए हास्यास्पद घटना के तौर पर देखा जायेगा। हम आपको बता दें कि जैसे ही पाकिस्तान ने 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए डोनाल्ड ट्रंप को नामांकित करने की घोषणा की उसके कुछ ही घंटों बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान के तीन परमाणु संयंत्रों पर बंकर बलास्टर बम बरसवा कर मध्य पूर्व में युद्ध का खतरा पैदा कर दिया। ऐसे में पाकिस्तान के लिए सिर मुंडाते ही ओले पड़ने वाली स्थिति पैदा हो गयी। सोशल मीडिया पर पाकिस्तान का मजाक श्वद्द श्ठ्ठ 4श्वह्ल द्धड्डष्द्ग वाली अंग्रेजी कहावत का संदर्भ देकर भी उड़ाया जाने लगा। हम आपको बता दें कि इस कहावत का हिंदी में मतलब है शर्मिंदा होना या मूर्ख दिखना। ईरान पर अमेरिकी हमलों से पहले डोनाल्ड ट्रंप को विश्व का शांति दूत करार दे रहे पाकिस्तान ने अमेरिकी बमवर्षक विमानों के हमले की निंदा वाला बयान जारी करते हुए कहा कि ये हमले अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों का उल्लंघन हैं। पाकिस्तान ने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत ईरान को आत्मरक्षा का वैध अधिकार है।

हम आपको यह भी बता दें कि पाकिस्तान के कुछ नेताओं और प्रमुख हस्तियों ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर अमेरिका के हमले के बाद सरकार से 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम की सिफारिश करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा है। इसलिए देखना होगा कि क्या पाकिस्तान सरकार नोबेल पुरस्कार समिति से की गयी अपनी सिफारिश को वापस लेती है या नहीं? हालांकि उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के हस्ताक्षर वाला अनुशंसा-पत्र नॉर्वे में नोबेल शांति पुरस्कार समिति को भेजा जा चुका है। लेकिन अमेरिका द्वारा ईरान के फोर्दो, इस्फहान और नतांज परमाणु केन्द्रों पर हमले किए जाने के बाद इस फैसले को लेकर पाकिस्तानी नागरिकों, संगठनों और मीडिया की ओर से आपत्तियां आने लगी हैं। पाकिस्तान के कई प्रमुख राजनेताओं ने शहबाज शरीफ सरकार से नवीनतम घटनाक्रम के मद्देनजर अपने फैसले की समीक्षा करने की मांग की है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 24 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 217 कार्थेजियन सेना ने हैनिबल के नेतृत्व में त्रासिमीन झील पर रोमन सेना को नष्ट किया।
- 1314 बैनॉकबर्न की लड़ाई में स्कॉटिश सेना ने रॉबर्ट द ब्रूस के नेतृत्व में अंग्रेजी सेना को हराया।
- 1340 अंग्रेजी बेड़े ने स्लुइस में फ्रांसीसी बेड़े को पराजित किया।
- 1497 जॉन कैबोट उत्तरी अमेरिका (वर्तमान कनाडा) में उतरे।
- 1509 हेनरी ड्ढड्ढद्ब और कैथरीन ऑफ एरागॉन को इंग्लैंड के राजा और रानी का ताज पहनाया गया।
- 1647 मार्गरेट ब्रेंट ने मैरीलैंड औपनिवेशिक विधानसभा में अपने लिए आवाज और वोट की मांग की।
- 1664 न्यू जर्सी कॉलोनी की स्थापना की गई।
- 1675 राजा फिलिप का युद्ध शुरू हुआ।
- 1717 लंदन में प्रथम मेसोनिक ग्रैंड लॉज का गठन हुआ।
- 1812 नेपोलियन ने नेमन नदी पार कर रूस पर आक्रमण किया।
- 1861 संघीय गनबोटों ने वर्जीनिया के मैथियास प्वाइंट पर कॉन्फेडरेट बैटरियों पर हमला किया।
- 1862 अमेरिकी हस्तक्षेप से चीन के दागू किलों में ब्रिटिश और फ्रांसीसी सैनिकों को बचाया गया।
- 1939 सियाम ने अपना नाम बदलकर थाईलैंड किया।
- 1940 फ्रांस ने इटली के साथ युद्धविराम पर हस्ताक्षर किए।
- 1946 फ्रेड एम. विन्सन ने अमेरिका के 13वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।
- 1948 सोवियत संघ ने बर्लिन नाकाबंदी शुरू की, जिसके जवाब में अमेरिका ने बर्लिन एयरलिफ्ट शुरू किया।
- 1957 अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने रोथ बनाम संयुक्त राज्य मामले में अश्लील सामग्री को प्रथम संशोधन से असंरक्षित घोषित किया।
- 1973 राष्ट्रपति निक्सन ने सोवियत नेता लियोनिद ब्रेझनेव के साथ शिखर वार्ता समाप्त की।
- 1983 अंतरिक्ष शटल चैलेंजर, जिसमें पहली अमेरिकी महिला अंतरिक्ष यात्री सैली राइड थीं, सुरक्षित उतरा।
- 1992 सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों में प्रायोजित प्रार्थना पर प्रतिबंध को और मजबूत किया।
- 2002 तंजानिया में रेल दुर्घटना में 281 लोगों की मृत्यु हुई।
- 2020 अहमौद अर्बरी की हत्या के लिए तीन श्वेत पुरुषों पर अभियोग लगाया गया।
- 24 जून का खेल इतिहास 7 स्श्चश्वह्लह्य ॥द्बह्यह्लश्वह्44 श्वद्ध 24 छ्वह्वठ्ठद्ग
  वर्ष घटना
- 1859 सोलफेरिनो की लड़ाई, जिसमें फ्रांसीसी सेना ने ऑस्ट्रियाई सेना को हराया।
- 1895 जैक डेम्पसी, विश्व हैवीवेट चैंपियन मुक्केबाज, का जन्म।
- 1974 टेस्ट क्रिकेट में भारत का न्यूनतम स्कोर दर्ज किया गया।
- 1987 लियोनेल मेस्सी, प्रसिद्ध फुटबॉलर, का जन्म।
- 1813 हेनरी वार्ड बीचर, पादरी।
- 1842 एम्ब्रोस बियर्स, अमेरिकी लेखक और व्यंग्यकार।
- 1848 ब्रूक्स एडम्स, अमेरिकी इतिहासकार।
- 1863 विश्वनाथ काशीनाथ राजवाड़े, भारतीय इतिहासकार और लेखक।
- 1869 दामोदर हरि चापेकर, भारतीय क्रांतिकारी।

विशेष आलेख

# महायुद्ध की और बढ़ती दुनियाँ को शांति का पाठ पढ़ाए भारत



नरेन्द्र तिवारी

**बात परमाणु हथियारों के उपयोग तक पहुंच गयी है। मानव निर्मित विकास और समृद्धि के प्रतिमानों को शासकों की सनक की वजह से नेस्तानाबूत किया जा रहा है। इस बर्बादी के मंजर को रोकना, विश्वशांति और अमन की बात करने का यह उचित समय है। शान्ति मानव जाति के कल्याण एवं मानवता के हित में है। बारूद कभी भी मसलों का हल नहीं कर सकती, उसकी प्रकृति ही हिंसक है। बारूद से विनाश होता है, निर्माण नहीं, दुनियाँ को निर्माण की जरूरत है विनाश की कतई नहीं, जो विनाश में विश्वास रखते है वह मानवता के हितैषी कभी नहीं हो सकतें है।**

दुनियाँ के देश आपस में लड़कर जब महायुद्ध की और बढ़ रहे हो तब भारत को विश्व शांति के ईमानदार प्रयास करना चाहिए। भारत के प्रयासों से दुनियाँ में शांति स्थापित होती है तो दुनियाँ में भारत का मान-सम्मान बढ़ेगा। दुनियाँ के नागरिकों के दिलों में सनातन संस्कृति के प्रति आकर्षण बढ़ेगा, भारत के विश्व सिरमौर होने के रास्ते खुलेंगें। इस हेतू तैयार होने से पूर्व स्वयं को युद्ध से दूर रखना होगा, शांति का पाठ दुनियाँ को पढ़ाने के लिये भारत को अपनी सीमाओं को सुरक्षित और राष्ट्रीय एकता को मजबूत रखने की आवश्यकता है। दुनियाँ के जो हालात इस दौरान दिखाई पड़ रहे है, वह चौकाने वाले है। हर और हिंसक वातावरण नजर आ रहा है, धर्म, जाति, नस्ल और क्षेत्रीयता की उग्र भावनाओं से तबाही का मंजर आसमानों में आग के गोलो के रूप में दिखाई दे रहा है। मानव निर्मित विकास की ऊँची-ऊँची अट्टालिकाओं को बारूद से उड़ाया जा रहा है। विगत 3 बरसों से अधिक हो गया रूस और युक्रेन युद्ध चल रहा है, इस युद्ध से मची तबाही के जो दृश्य मिडिया के माध्यम से देखने को मिल रहे है। वह बैचेन कर देने वाले है। तीन वर्षों से अधिक समय हो गया विश्व के ताकतवर देश रूस-युक्रेन युद्ध रुकवाने में असफल रहे है। इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध के बिच अब ईरान-इजराइल के मध्य खतरनाक मिसाइलो से धमाकों का क्रम जारी है। इन धमाकों से बड़े-बड़े विकसित शहरों को निशाना बनाया जा रहा है। बात परमाणु हथियारों के उपयोग तक पहुंच गयी है। मानव निर्मित विकास और समृद्धि के प्रतिमानों को शासकों की सनक की वजह से नेस्तानाबूत किया जा रहा है। इस बर्बादी के मंजर को रोकना, विश्वशांति और अमन की बात करने का यह उचित समय है। शान्ति मानव जाति के कल्याण एवं मानवता के हित में है। बारूद कभी भी मसलों का हल नहीं कर सकती, उसकी प्रकृति ही हिंसक है। बारूद से विनाश होता है, निर्माण नहीं, दुनियाँ को निर्माण की जरूरत है विनाश की कतई नहीं, जो विनाश में विश्वास रखते है वह मानवता के हितैषी कभी नहीं हो सकतें है। हमारी दुनियाँ शांति पसंद है। दुनियाँ और युद्धरत राष्ट्र की आम आवाम भी इन लडाईयों से चिंतित है। विवादित मसलों के निराकरण की प्रजातांत्रिक प्रक्रिया बैठक, वार्ता,गोलमेज और बातचीत है। किंतु आवाम की इच्छा के विरुद्ध शासकों की सनक ने युद्ध के माध्यम से दुनियाँ को परेशान, चिंतित और भयभीत कर रखा है। विश्व पटल पर जारी युद्ध इससे पहले विश्व युद्ध या परमाणु युद्ध में तब्दील हो, शांति की मशाल जलाना बेहद अनिवार्य और आवश्यक है, स्वयं को दुनियाँ का नेता बताने वाले देश शांति की मशाल को जलाने में नाकाम हुए है, इन देशों के अपने स्वार्थ है, हथियारों के सौदागर मुल्को से अमन के चिराग जलाने की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। ईरान इजरायल युद्ध के दौरान चीन ने अमेरिका पर आग में घी डालने के गंभीर आरोप लगाए है। चीन का उक्त आरोप कितना सही या गलत है इसके क्या मायने है? किंतु इतना तो कहा ही जा सकता है की अमेरिका न तो रूस-युक्रेन युद्ध में शांति स्थापित कर सका और न ही ईरान-इजरायल युद्ध में शांति स्थापित करने की स्थिति में है। रूस स्वयं युद्ध में उलझा हुआ है। दुनियाँ के दूसरे देश या तो किसी पक्ष के साथ खडे है या दुरी बनाकर चल रहे है। ऐसी स्थिति में भारत की जिम्मेदारी बनती है की वह महायुद्ध या परमाणु युद्ध की और बढ़ती दुनियाँ में शांति स्थापना के प्रयास करें। भारत ने पूर्व में भी विश्वशांति के प्रयासों में अपनी महती भूमिका का निर्वहन किया है। भारत दुनियाँ का सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक राष्ट्र है जो विश्व शांति का प्रबल समर्थक राष्ट्र होकर नागरिक स्वतन्त्रता और मानवता का पक्षधर है। भारत की सनातन परम्परा में भी विश्व कल्याण की भावना का समर्थन किया गया है। भारत के मंदिरो में प्रतिदिन होने वाली ईश्वरीय आराधना, पूजा पाठ आरती के दौरान लगने वाले जयकारों में धर्म की जय हो, अधर्म का नाश, प्राणियों में सदभावना हो, विश्व का कल्याण हो, के उच्च आदर्शो एवं मापदंडो का समावेश है। इससे बढ़कर ऋग्वेद का एक मंत्र जो विश्व कल्याण की कामना करता है, इसे शांति पाठ कहा जाता है, शांति पाठ का उक्त मंत्र % ? द्यो शांति अंतिरिक्ष शान्तिः, पृथ्वीवी शांतिराप- शान्तिरोषधय शान्ति-, वनस्पतय- शान्ति विश्वेदेवा- शान्तिब्रह्म शान्ति-, सर्व शान्ति-, शान्तिरेव शान्ति-, सा मां शांतिरेधि।। ? शान्ति- शान्ति- शान्ति-। यह मंत्र वायुमंडल, पृथ्वी, जल, औषधियों, वनस्पतियों, सभी देवताओं, ब्रम्ह और सभी प्राणियों में शान्ति की कामना करता है। शान्ति पाठ का उदघोष भारत में प्रतिदिन पूजा पाठ और पवित्र कार्यो के दौरान होता है। इस महान संस्कृति और विचार से दुनियाँ को परिचित कराने के लिये भारत के नैतृत्व को चाहिए विश्व युद्ध की और बढ़ती दुनियाँ को युद्ध की विभीषिका से बचाए, दुनियाँ को इस बात से अवगत कराएं की युद्ध मानव सभ्यता को विनाश की और बढ़ाता है, जबकि शान्ति निर्माण की और अग्रसर करती है। दुनियाँ के इंसानों को विनाश की नहीं निर्माण की आवश्यकता है। दुनियाँ के सारे धर्म, पंथ, समुदाय शान्ति की भाषा को समझते है। मानवता ही परम धर्म है। भारत द्वारा इस दौरान किये शान्ति प्रयासों की दुनियाँ न सिर्फ सराहना करेंगी अपितु भारत की महत्ता को स्वीकार करेंगी।

# कांग्रेस ने आपातकाल के लिए माफी नहीं मांगी



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**25 जून 2025 को कांग्रेस पार्टी की शीर्ष नेता और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर आपातकाल को थोपे हुए 50 वर्ष पूरे होंगे। इमरजेंसी में कांग्रेस की दुर्भावना का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने आज तक इसके लिए माफी नहीं मांगी। बीती 21 जून को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने देश की एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, %कांग्रेस को आपातकाल के लिए देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए।**

भारतीय लोकतंत्र ने विश्व भर में प्रशंसा एवं प्रतिष्ठा प्राप्त की है। हालांकि लोकतंत्र की इस समृद्ध यात्रा में आपातकाल जैसा एक कलंकित अध्याय भी जुड़ा है। 25 जून, 1975 की वो रात कौन भूल सकता है जिसे खासतौर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की %तानाशाही% के रूप में जाना जाता है। ये वही रात थी जब तत्कालीन राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर देश में आपातकाल की घोषणा की थी।

25 जून 2025 को कांग्रेस पार्टी की शीर्ष नेता और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर आपातकाल को थोपे हुए 50 वर्ष पूरे होंगे। इमरजेंसी में कांग्रेस की दुर्भावना का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने आज तक इसके लिए माफी नहीं मांगी। बीती 21 जून को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने देश की एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, %कांग्रेस को आपातकाल के लिए देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को इसे लेकर पछतावा होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने कभी भी इसके लिए माफी नहीं मांगी। अब जब देश में आपातकाल लागू हुए 50 साल होने जा रहे हैं, तो ऐसे में कांग्रेस पार्टी को सार्वजनिक रूप से इस पर पछतावा होना चाहिए।

20 नवंबर 2017 को आपातकाल के दौरान जेल काटने वाले पत्रकार कुलदीप नैयर का बीबीसी में प्रकाशित एक लेख आपातकाल को लेकर कांग्रेस के चरित्र का बखूबी चित्रण करता है। नैयर लिखते हैं, आपातकाल किसी अपराध से कम नहीं था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसके लिए कभी माफ़ी नहीं मांगी। ख़ासकर नेहरू-गांधी खानदान से अफ़सोस का एक शब्द भी नहीं कहा गया। ग़ैर-कांग्रेसी पार्टियों ने इसके विरोध में बयान जारी किया या विरोध प्रदर्शन भी किया, लेकिन कांग्रेस पार्टी आपातकाल पर ख़ामोश ही रही।

माफी मांगने की बजाय इंदिरा गांधी के पुत्र पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 23 जुलाई 1985 को आपातकाल पर गर्व करते हुए लोकसभा में कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं है। पूर्व पीएम ने यहां तक कहा था कि अगर इस देश का कोई प्रधानमंत्री इन परिस्थितियों में आपातकाल को जरूरी समझता है और आपातकाल लागू नहीं करता है तो वह इस देश का प्रधानमंत्री बनने के लायक नहीं है। तानाशाही पर गर्व करने का यह कृत्य ही दर्शाता है कि कांग्रेस को परिवार और सत्ता के अलावा कुछ भी प्रिय नहीं है। पूर्व पीएम राजीव गांधी का वक्तव्य कांग्रेस पार्टी के मूल चरित्र को दर्शाता है।

आपातकाल की अवधि के बाद दो पीढ़ियां बड़ी हो चुकी हैं तो उन्हें इसकी भनक नहीं होगी कि तब देश में कितने खराब हालात रहे। बिना किसी अदालती कार्यवाही के संसद से विपक्षी सदस्यों को हिरासत में ले लिया गया।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



स्व: श्री बाबूलाल जी शर्मा
( व्याख्यता गणित )

नमस्कार साथियों, एक पुत्र के लिए उसके पिता ही सबसे अच्छे हीरो होते हैं। आज की हमारी शख्सियत के आर्दश के रूप में हम प्रस्तुत करने जा रहे हैं एक ऐसी महान शख्सियत जिन्होनें अपने बच्चों को पाला नहीं बल्कि उनकी परवरिश की है। जी हां डॉ.आलोक शर्मा जोकि काला कुँआ स्टेलाईट हॉस्पिटल में मरीजों के लिए मसीहा के रूप में जाने जाते हैं उनके पिता स्व:श्री बाबूलाल शर्मा जी को। 1 मई सन 1951 को हरियाणा के ग्राम लिसान में जन्में बाबूलाल जी का बचपन मिट्टी के बीच निकला। जन्म से ही बहुत मेधावी रहे, बाबूलाल जी के पिता राम कुमार रोकड़िया पिलानी एम बिड़ला जी के चीफकैशियर रहे थे। डॉ.आलोक ने भावनात्मक पहलूओं को छूंते हुए बताया कि पापा चौथी क्लास में जब पिलानी में एडमिशन लेने गए तो दादाजी को डर था कि ये इंग्लिश मीडियम एम एग्जाम में फेल हो गया तो बेइज्जती हो जाएगी लेकिन पापा ने छुपते-छुपाते पेपर दे दिया या टॉप किया। बचपन में नई किताबों के लिए पैसे नहीं थे,आर्थिक स्थितियाँ बहुत ज्यादा अच्छी नहीं थीं। तो पड़ोस में रहने वाले उनके दोस्त बबन से किताब पढ़ने को उधार ली। एक दिन किसी बात पर बबन ने बोल दिया कि तू तो मेरी किताब से पढ़ता है। ये बात पापा के स्वाभिमान को लग गई या उसकी सारी किताब उल्टी दे दी। ये नजारा बबन की मम्मी देख रही थी। उन्होंने पापा को अलग से बुलाया और समझाया की बेटा, किताबें उसकी होती है जो इनको पढ़ता है, उसकी नहीं जो इसको खरीदता है। किताबे मनुष्य की सबसे अच्छी दोस्त होती है। पापा समझ गये। छोटी सी उम्र से ही दादा जी की अर्थव्यवस्था में मदद करते थे, ट्यूशन पढ़ने जाते थे, जब खुद बिट्स पिलानी कॉलेज एम पढ़ रहे थे। साथ के दोस्त फ़िल्म देखने जाते थे,लेकिन पापा को घर की स्थितियाँ पता थीं। हमेशा किसी से फ़िल्म की कहानी पुछ्कर बता देते थे कि हां मैं भी वही था पीछे की सीट पर या ये हुआ था। बहुत ही संघर्ष का जीवन जिया था पापा ने। डॉ.आलोक कहते हैं कि मेरे पापा मेरे लिए आदर्श हीरो हैं। मैं उनसे बहुत प्यार करता हूं और हमेशा उनके आशीर्वाद की छाया में रहना चाहता हूं। आज हमारे बीच में श्री बाबूलाल शर्मा जी नहीं हैं लेकिन कहते हैं ना कि इंसान मरने के बाद भी अमर रहता है। क्योंकि उसके जीवन भर इसांनियत से भरे कर्म उसे अमर बनाए रखते हैं। ऐसे स्वाभिमानी व्यक्तित्व की टीम बढ़ता राजस्थान भी आर्शिवाद की अपेक्षा करती है।

रूपक शर्मा

## संस्मरण
बढ़ता राजस्थान

# कबीरदास ने मानव सेवा में गुजार दिया था पूरा जीवन, हर धर्म के लोग करते थे सम्मान

संत कबीरदास अपने दोहे में धार्मिक पाखंडों का पुरजोर विरोध किया करते थे। उनके जन्म के समय समाज में हर तरफ पाखंड और बुराइयां फैली हुई थीं। वहीं उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज से पाखंड और अंधविश्वास को दूर करने में लगा दिया था।संत कबीर दास भक्तिकाल के कवि थे, उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में लगाया। हर साल की ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा तिथि को संत कबीरदास की जयंती के रूप में मनाई जाती है। इस बार 11 जून को संत कबीर जयंती मनाई जा रही है। हालांकि इनके जन्म के विषय में कुछ सटीक नहीं मालूम हैं। लेकिन कुछ पुराने साक्ष्यों के मुताबिक कबीरदास का जन्म 1398 ई में काशी में हुआ था। वहीं इनकी मृत्यु 1518 में मगहर नामक स्थान पर हुई थी। संत कबीरदास अपने दोहे में धार्मिक पाखंडों का पुरजोर विरोध किया करते थे। उनके जन्म के समय समाज में हर तरफ पाखंड और बुराइयां फैली हुई थीं। वहीं उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज से पाखंड और अंधविश्वास को दूर करने में लगा दिया था। वह अपने दोहे के जरिए व्यक्ति को अधंकार से निकालकर सही राह दिखाते थे। कबीरदास के दोहे अत्यंत सरल भाषा में थे। आज भी लोग कबीरदास के दोहे गुनगुनाते हैं।हालांकि कबीरदास जी के जन्म के विषय में विद्वानों में मतभेद देखने को मिलते हैं। बताया जाता है कि कबीरदास का जन्म रामानंद गुरु की आशीर्वाद से एक विधवा ब्रह्माणी के गर्भ से हुआ था। विधवा ब्राह्मणी ने लोकलाज के भय से उनको काशी के समक्ष लहरतारा नामक ताल के पास छोड़ दिया था। जिसके बाद उस रास्ते से गुजरे लेई और लोइमा नामक जुलाहे ने इनका पालन-पोषण किया। तो वहीं कुछ विद्वानों का मत है कि वह जन्म से ही मुस्लिम थे ।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। निर्धारित कार्यों में कम सफलता मिलेगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद, सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

**वृष**
लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

**मिथुन**
स्नेहीजनों एवं मित्रों से उपहार मिल सकता है। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि बनी रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

**कर्क**
मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। पानी वाली जगहों तथा अन्य गर्म तरल पदार्थों से सावधान रहें। परिवार या जमीन से संबंधित मामलों पर चर्चा और कहीं जाने की योजना टालें। दुर्घटना से बचें। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

**सिंह**
परोपकार के लिए किए काम आपको आंतरिक खुशी देंगे। आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी।

**कन्या**
पठन-लेखन जैसी साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

**तुला**
शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आनंद की प्राप्ति, जीवनसाथी की निकटता और प्रवास-पर्यटन से आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं।

**वृश्चिक**
वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा। मनोरंजन या घूमने-फिरने के पीछे पैसे खर्च होंगे। शारीरिक, मानसिक व्यग्रता कम करने के लिए आध्यात्मिकता सहायक साबित होगी।

**धनु**
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

**मकर**
पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे। अपनी प्रभावशाली वाणी से अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकेंगे।

**कुंभ**
नौकरी-धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

**मीन**
शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। दोस्तों से लाभ होगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति का साथ आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि की संभावनाएं हैं। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

# भारी बारिश से आसपास के गांवो में तबाही का मंजर, मालपुरा के बम्ब तालाब में भी रिसाव

## उपखण्ड अधिकारी व अन्य अधिकारी पहुंचे मौके पर, राहत व बचाव कार्य शुरू किया

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा शहर व ग्रामीण क्षैत्रो में हुई भारी बारिश के बाद घाटी, चांदसेन व कलमण्डा सहित अन्य कई गांवो में तबाही कर मजंर सामने आया है। वहीं बरसात से हुए नुकसान के बाद उपखण्ड अधिकारी सहित अन्य अधिकारियो ने मौका स्थिति का जायजा लेकर राहत व बचाव कार्य शुरू किए गए। सोमवार को मालपुरा शहर व आसपास के गांवो में सुबह सवेरे से ही भारी गर्जन के बाद भारी बारिश का दौर शुरू हुआ। यह दौर कुछ समय ही चला और बाद में दोपहर तक रूक रूक कर बारिश होती रही। इधर आसपास के गांवो में बहुत भारी बारिश हुई। इस बरसात के बाद क्षैत्र के घाटी, अम्बापुरा, चॉदसेन व कलमण्डा के घरो में पानी व पानी के साथ मिट्टी आने से लोगो को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ा। अविकानगर में हुई भारी बारिश के बाद यहां से पानी के साथ बालू मिट्टी बहकर चांदसेन पहुंच कर घरो तक जमा हो गई। सरपंच रामस्वरूप मीणा ने बताया कि चांदसेन में बहाव क्षैत्र के घरो में एक से डेढ़ फुट तक मिट्टी जमा हो गई जिससे मकानो में रखा सामान मिट्टी में दब गया। इधर घाटी गांव के आसपास में बने एनीकट लबालब होने के बाद तेज गति से पानी का बहाव शुरू हुआ। कलमण्डा गांव में हुई भारी बारिश के बाद राउमावि कलमण्डा के मैदान में पानी भर गया। क्षैत्र में बारिश के बाद तबाही होने की जानकारी मिलने के साथ ही उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी, प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट, नायब तहसीलदार हंसराज चौधरी के साथ चांदसेन ग्राम पहुंच कर बारिश के बाद हुई तबाही का जायजा लिया। परेशान हुए लोगो को शीध्र राहत पहँचाने का आश्वासन दिया। उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने मौके पर से ही तहसीलदार पवन मातवा व अन्य अधिकारियो को राहत कर्मीयों व आवश्यक संसाधनो के साथ चांदसेन गांव पहुंच कर राहत कार्य शुरू करने कें निर्देश प्रदान किए। उपखण्ड अधिकारी चौधरी के निर्देशानुसार तहसीलदार पवन मातवा व अन्य अधिकारी तुरन्त मोके पर पहुंच कर राहत व बचाव काग्र शुरू किए। इधर मालपुरा के अति प्राचीन बम्ब तालाब की पाल पर अस्थल के निट पुराने बिलो में से पानी रिसाव के बाद पालिका के कार्मिक तुरन्त मौके पर पहुँच कर रिसाब को बंद करवाया। वैसे मालपुरा शहर व ग्रामीण अंचलो में सोमवार को दोपहर बाद से बारिश का दौर रूक जाने से आम जन ने राहत की सांस ली है।





## आवागमन कटा, ग्रामीणों को अलर्ट रहने के निर्देश

# कोटा बैराज के दो गेट खोलने से झरेल बालाजी की पुलिया डूबी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** कोटा बैराज के दो गेट खोलने से जिले के खण्डार उपखण्ड क्षेत्र में बहने वाली चंबल नदी में जल स्तर बढ़ गया है। पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों को सावधानी बरतने को कहा है। वहीं चंबल में जल स्तर बढ़ने से खंड़ार से कोटा बारां को सीधा जोड़ने वाली झरेल बालाजी की पुलिया जल मग्न हो गई है। इससे लोगों का कोटा से सीधा सम्पर्क कट गया है। अब खंडार क्षेत्र के लोग श्योपुर मध्यप्रदेश होते हुए कोटा, बारां पहुंच रहे हैं। वहीं चम्बल नदी किनारे बसे कैथूदा, नया गांव, छापोल, इटावा, खातोली का सवाईमाधोपुर जिला मुख्यालय से सम्पर्क कट गया है। कोटा-बारां के लिए लगाना होगा श्योपुर का फेर रामेश्वर धाम नाके पर कार्यरत वनकर्मी गणपत चौधरी ने बताया कि चम्बल नदी में जल स्तर बढ़ गया है। झरेल के बालाजी की पुलिया पर जल स्तर बढ़ने से वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। इससे जहां खंडार का कोटा-बारां से सीधा संपर्क कट गया है। वहीं सवाईमाधोपुर से खातौली-इटावा व बारां जाने वाले यात्रियों का भी सीधा संपर्क कट गया है। इससे खंडार से कोटा-बारां जाने वाले लोगों को 30 किलोमीटर का अतिरिक्त फेर लगाकर श्योपुर के रास्ते से आवागमन करना पड़ेगा। यह मार्ग बरसाती सीजन में 3 से 4 महीने तक पूरी तरह बंद रहेगा।

### प्रशासन बेखबर

**चम्बल नदी में पानी की आवक बढ़ने की सूचना नहीं मिली है। हो सकता है एसडीएम के पास सूचना आई होगी। एसडीएम सीमा खेतान से सम्पर्क करने का प्रयास किया, लेकिन सम्पर्क नहीं हो सका।**

*पुष्कर सिंह, तहसीलदार, खंडार*

# कानाराम सिरवी होंगे सवाई माधोपुर के नए कप्तान

## शुभम चौधरी होंगी वित्त विभाग में संयुक्त शासन सचिव

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार ने जिला कलेक्टर के पद पर कानाराम सिरवी को लगाया गया है। सरकार ने प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। सरकार ने 62 आईएएस अफसरों का तबादला किया है। आईएएस की इस तबादला सूची में सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर का भी तबादला किया है। सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर के पद है। वर्तमान में कानाराम सिरवी हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की जगह लगाया गया है। शुभम चौधरी को सवाई माधोपुर में साल 2024 में सितंबर के महीने में लगाया गया था। इनका कार्यकाल सवाई माधोपुर में 9 माह का रहा। अब उन्हें जयपुर में संयुक्त शासन सचिव बनाया गया है। साल 2013 बैच के आईएएस कानाराम पाली जिले के छोटे से गांव सिसरवादा (सोजतरोड) में किसान परिवार में जन्म कानाराम सीरवी शुरू से ही पढ़ाई में होशियार थे।

इनका परिवार आर्थिक रूप से ज्यादा सक्षम नहीं था। घर में पढ़ाई का ज्यादा माहौल नहीं था। लेकिन उन्होंने ढ्रस बनने की लक्ष्य निर्धारित कर लिया था। 12वीं तक की पढ़ाई सोजत में की। बांगड़ कॉलेज से ग्स्ष्ट की। इस दौरान उन्होंने चयन ग्रामसेवक पद पर हो गया। डेढ़ साल तक नौकरी करने के बाद नौकरी छोड़ इन्होंने बीएड की। सैकेण्ड ग्रेड टीचर भी बन गए। लेकिन ढ्रस बनने के अपने लक्ष्य को ज्यादा समय नहीं दे पाए तो 7 माह बाद यह नौकरी भी छोड़ दी। तथा ढ्रस की तैयारी करने जयपुर गए फिर दिल्ली गए। आखिरकार उनका संघर्ष रंग लाया और वर्ष 2013 में वे ढ्रस बन गए। उन्होंने 54वी रैंक हासिल की। वह राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निदेशक, हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर सहित कई पदों पर रह चुके हैं।



कानाराम सिरवी को लगाया गया

# 100 से अधिक सरकारी स्कूलों में 20 से कम विद्यार्थी, स्कूल हो सकते हैं मर्ज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान के सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव, नामांकन और ठहराव पर सरकार की ओर से हर साल करोड़ों खर्च किए जाते हैं। लेकिन आज भी सवाईमाधोपुर जिले के कई सरकारी स्कूलों में बीस से कम नामांकन है तो कहीं दस से भी कम। सत्र 2024-25 की नामांकन प्रकिया पर नजर डालें तो जिले में 32 प्रारंभिक स्कूलों में 10 से कम, 9 स्कूलों में दस-दस और 108 स्कूलों में दस से अधिक और बीस से कम नामांकन है। ऐसे में विभाग में भी दस से कम नामांकन वाले स्कूल मर्ज किए जाने को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

### लक्ष्य से कोसों दूर विभाग

जिले में पहली से बारहवीं तक 133226 छात्र अध्ययनरत हैं। इनका दस फीसदी यानी 13 हजार 323 नामांकन इस सत्र में और बढ़ाना है। प्रवेशोत्सव के पहले चरण में नामांकन लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक प्रथम चरण में सिर्फ 736 नामांकन ही हो पाए हैं।

### नामांकन में आई भारी गिरावट, ये चिंताजनक आंकड़े

इनमें बौंली ब्लॉक में 59, खंडार ब्लॉक में 172, चौथ का बरवाड़ा ब्लॉक में 45, मलारना डूंगर ब्लॉक में 30, सवाईमाधोपुर ब्लॉक में 60, गंगापुर सिटी ब्लॉक में 245 और बामनवास ब्लॉक में 125 नामांकन हासिल हुए हैं। ऐसे में इस साल प्रवेशोत्सव के पहले चरण में हुए नामांकन की रिपोर्ट के अनुसार विभाग का यह लक्ष्य पूरा होता नजर नहीं आ रहा।

### ब्लॉक अनुसार नामांकन की स्थिति

पिछले सत्र की बात करें तो जिले में 32 प्रारंभिक स्कूल ऐसे हैं, जिनमें बालक-बालिकाओं का नामांकन 10 से भी कम रहा है। इनमें बौंली ब्लॉक में 4, खंडार ब्लॉक में 3, सवाईमाधोपुर ब्लॉक में 1, गंगापुर सिटी ब्लॉक में 4, बामनवास ब्लॉक में 20 स्कूल शामिल हैं। वहीं 9 स्कूल ऐसे हैं, जिनमें बालक-बालिकाओं की नामांकन संख्या दस-दस रही है। इनमें बौंली ब्लॉक में 2, खंडार ब्लॉक में 2, सवाईमाधोपुर ब्लॉक में 2, गंगापुर सिटी ब्लॉक में 1, बामनवास ब्लॉक में 2 स्कूल शामिल हैं।

### ब्लॉक अनुसार 10 से अधिक नामांकन की स्थिति

जिले में 108 स्कूल ऐसे हैं, जिनमें बालक-बालिकाओं का नामांकन 10 से अधिक और 20 से कम है। इनमें बौंली ब्लॉक में 16, खंडार ब्लॉक में 8, चौथ का बरवाड़ा ब्लॉक में 12, मलारना डूंगर ब्लॉक में 12, सवाईमाधोपुर ब्लॉक में 3, गंगापुर सिटी ब्लॉक में 22 और बामनवास ब्लॉक में 33 स्कूल शामिल हैं।

### बामनवास ब्लॉक में नामांकन की दयनीय स्थिति

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, प्रारंभिक स्तर के बामनवास ब्लॉक में 55 स्कूल ऐसे हैं, जिनमें बालक-बालिकाओं के नामांकन की पिछले सालों से दयनीय स्थिति रही है। इनमें 20 स्कूल तो ऐसे हैं, जिनमें दस से कम, 2 स्कूलों में दस-दस और 33 स्कूल ऐसे हैं, जिनमें दस से अधिक और बीस से कम नामांकन हुए हैं।

### इनका कहना है

जिले में कई स्कूल अभी भी ऐसे हैं, जिनमें बालक-बालिकाओं के नामांकन की स्थिति दयनीय है, जबकि यहां पूरा स्टाफ कार्यरत है। नए सत्र में नामांकन और ठहराव पर विशेष फोकस है। जिन स्कूलों में दस से भी कम नामांकन है वे मर्ज किए जा सकते हैं। विभाग में इस पर मंथन चल रहा है। लेकिन फिलहाल इसके आदेश हमें प्राप्त नहीं हुए हैं।

**हेमराज मीना, कार्यक्रम अधिकारी, समसा**

# रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन को मिले 17 बेस्ट अवार्ड



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन को रोटरी क्लब इन्टरनेशनल के प्रान्तीय अधिवेशन आभार कार्यक्रम में कुल 17 बेस्ट अवार्ड मिले। क्लब सचिव नरेश काबरा ने बताया कि रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन का सेवा कार्यो के क्षैत्र में सर्वोच्च स्थान रहा। क्लब अध्यक्ष अमित विजय ने बताया कि रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन को रोटरी पक्षी विला ओर रोटरी क्लॉक टावर , जल मन्दिर, अतिवृष्टि में बेघर परिवारो को राशन सामग्री वितरण कार्यक्रम को बेस्ट पब्लिक इमेज अवार्ड, तथा डिग्गी पदयात्रा मेले के दौरान पदयात्रियो को स्वच्छ एवं सुन्दर डिग्गी के कार्यक्रम को बेस्ट स्वच्छता अवार्ड के अलावा बेस्ट अध्यक्ष, बेस्ट सचिव सहित क्लब को अन्य 17 अवार्ड मिले हैं जो क्लब के अलावा सभी के लिए गर्व का विषय है। इसी कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के अध्यक्ष रहे पवन जैन संगम को बेस्ट प्रान्तीय आफिसर क`अवार्ड से नवाजा गया। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के पवन जैन संगम, अरूण काबरा,महेश गुप्ता, राजेश पारीक, भागचन्द जैन, विमल अग्रवाल, राकेश कुमार जैन नेवटा, ओमप्रकाश शर्मा, सहित दस से अधिक सदस्यो ने भाग लिया। गौरतलब है कि रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के सेवा कार्यो की गूंज समूचे प्रान्त 3056 में हमेशा रही है।

# पोस्टर बनाकर दिया जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय-सवाई माधोपुर के तत्वावधान में ब्लॉक स्तर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खण्डार व चौथ का बरवाड़ा में पोस्टर बनाकर जल व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डी.ओ. (स्काउट) भरत लाल प्रजापत ने बताया कि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं हिन्दुस्तान स्काउट गाइड की पदेन जिला मुख्य आयुक्त कृष्णा शर्मा के निर्देशानुसार वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत खंडार में ब्लॉक सचिव रामजीत मीना व चौथ का बरवाड़ा में ब्लॉक सचिव मुकेश कुमार मीना के नेतृत्व में वर्षाजल संग्रहण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए पोस्टर्स का निर्माण करवाया गया, जिसमें अभिरुचि एवं कला कौशल शिविर की प्रशिक्षणार्थी बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही सभी प्रशिक्षणार्थियों व उपस्थित अभिभावकों ने कम से कम पांच पांच पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने, पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर व्याख्याता स्वाति शर्मा, मुकेश कुमार मीना, रामजीत मीना, नागाराम मीना, पृथ्वीराज मीना, शकुंतला शर्मा, रणवीर गुर्जर सहित सभी प्रशिक्षक व प्रशिक्षणार्थियों के साथ अभिभावक भी उपस्थित रहे।



# राजस्थान पेशनर्स समाज की उपखाखा लाम्बाहरिसिंह ने सौंपा ज्ञापन

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** राजस्थान पेशनर्स समाज की उपखाखा लाम्बाहरिसिंह ने उपखण्ड मुख्यालय पहुंच कर प्रधानमंत्री के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति नायब तहसीलदार जयसिंह को सौंपी। सोमवार को शाखा अध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में पेंशनर्स समाज के सदस्यो ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से आल इडिंया स्टेट पेंशनर फेडरेशन के निर्देशानुसार नए व पुराने पेंशनर्स के साथ भेदभाव समाप्त करमाननीय न्यायालय के आदेशानुसार पेंशन दिए जाने की मांग की गई। इस दौरान पेंशनर्स समाज उपशाखा लाम्बाहरिसिंह के सभी वरिष्ठ जन पेंशनर्स मौजुद रहे।



# प्रत्येक पात्र को दिया जा रहा है सरकारी योजनाओं का लाभ : सीमा बैरवा

## विशेष योग्यजन शिविर एवं प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का हुआ आयोजन

### ग्रामसभा में विकास कार्यो का लिया प्रस्ताव

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत खणदेवत में सरपंच सीमा देवी बैरवा की अध्यक्षता में विशेष योग्यजन शिविर एवं प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आयोजन किया गया। सरपंच सीमा बैरवा ने कहा कि ग्राम पंचायत के सभी गांवों को ध्यान में रखते हुए विकास के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्ति पंचायत में संपर्क कर सकते हैं एवं जो भी समस्याएं हैं उनको ग्राम विकास अधिकारी राधाकिशन बैरवा को अवगत करवाएं जिससे समय पर उक्त समस्याओं को समाधान हो सके। जनप्रतिनिधि अखराज बैरवा ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित 15 दिवसीय वंदे गंगाजल अभियान को लेकर सभी वार्ड पंचों एवं ग्रामवासियों को जल है तो कल है, यही हमारा संकल्प है, का संकल्प दिलवाकर जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि सरपंच की सीमा बैरवा की अध्यक्षता में ग्राम सभा का भी आयोजन हुआ जिसमें ग्राम पंचायत खणदेवत द्वारा धरती आबा योजना अंतर्गत चयनित गांव चोरपुरा में ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए सर्वसम्मति से कई विकास कार्यों का प्रस्ताव लिया गया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 के टेंडर हेतु आवेदकों से सुबह 10 से 12 बजे तक डीडी सहित आवेदन प्राप्त किए गए। इस दौरान प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर उप सरपंच राजेश खटाणा, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अनंतकुमार शर्मा, अखलेश बैरवा, एएनएम प्रतिभा मीणा, आशा सहयोगिनी नैना बारेठ, पूर्व वार्ड पंच जगदीश नायक, जाहिद खां, गोविंद स्वामी, सीताराम जाट, रमेशचंद बैरवा, गिर्राज एवं हेमराज शर्मा सहित कई वार्ड पंच एवं ग्रामीण मौजूद थे।



## गांव से शहर की ओर बासना में 'रुरल हाट' का शुभारंभ, ग्रामीण महिलाओं के हुनर को मिला नया मंच



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** ग्राम बासना की शांत भूमि पर सोमवार को ग्रामीण सशक्तिकरण की एक नई मिसाल बनी, जब नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. राजीव सिवाच ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ 'रुरल हाट' का भव्य उद्घाटन किया। इस मौके पर पारंपरिक तिलक और पौधा भेंटकर मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। इस गरिमामय अवसर पर बानसूर नाबार्ड कोटपूतली-बहरोड़ के डीडीएम दीपक जाखड़, सीआई सुरेंद्र मलिक (बानसूर), होलावास सरपंच श्री सतपाल , (लोयती) सरपंच अमर सिंह, युवा जागृति संस्थान के अध्यक्ष श्री कुंदन लाल शर्मा, एवं सीईओ डॉ. गोकुलचंद सैनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थापित हस्तशिल्प, पारंपरिक उत्पादों, स्थानीय व्यंजनों एवं आर्टीजनस स्टॉल्स का निरीक्षण किया गया। अतिथियों ने महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद भी लिया। मुख्य अतिथि डॉ. राजीव सिवाच ने अपने संबोधन में कहा,रुरल हाट ग्रामीण महिलाओं की प्रतिभा को एक नया मंच प्रदान करता है। यह पहल न केवल स्थानीय उत्पादों को बाज़ार से जोड़ती है, बल्कि महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित भी करती है। युवा जागृति संस्थान के अध्यक्ष श्री कुंदन शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रों में संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों और महिलाओं के आर्थिक-सामाजिक सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत वृक्षारोपण किया गया।* इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों और महिलाओं को 300 पौधे वितरित किए गए—यह संदेश देते हुए कि जैसे मां जीवनदायिनी छाया देती है, वैसे ही वृक्ष भी हमारी पृथ्वी के लिए जीवनदायक छाया और ऑक्सीजन का स्त्रोत हैं। यह आयोजन केवल एक बाजार नहीं, बल्कि गांव और शहर के बीच ग्रामीण प्रतिभा और उत्पादों को जोड़ने वाला सशक्त मंच बनकर सामने आया। रुरल हाट जैसे प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध हो रहे हैं।

## दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविरों का आयोजन आज से

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविरों का पखवाड़ा 24 जून से 9 जुलाई 2025 तक आयोजित होगा। हरित ने बताया कि पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर, कल्याणपुरा व सबलपुरा में 24 जून को, हाजीपुर, हमीरपुर व छींड में 25 जून को, किशोरपुरा, हरसौरा व माजरा अहीर 26 को, बाबरिया, गूंता व शाहपुर 27 को, बबेड़ी, ईशराकाबास व मांची 28 को, नांगललाखा, बबेरा, महणपुर व लोयति में 30 को,श्यामपुरा, रसनाली 01 जुलाई को, बुटेरी, आलमपुर व खेड़ा में 02 जुलाई को, देवशन, भग्गूकाबास में 03 जुलाई को, बहरामकाबास, बालावास 04 जुलाई को, चूला, बामनवास व भूपसेड़ा में 07 जुलाई को, गिरुड़ी, खोहरी व होलावास में 08 जुलाई को तथा मौठूका, इंद्राण्डा व लेकड़ी में 09 जुलाई को शिविरों का आयोजन होगा। उक्त सभी शिविरों के प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं।शिविरों में 10 गतिविधियां एवं 15 अन्य विभागों के राजकीय कार्य समलित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए सम्बंधित ग्राम पंचायत का नागरिक ग्राम पंचायत के सूचना बोर्ड पर चस्पा नोटिस व जनप्रतिनिधियों सहित ग्राम विकास अधिकारी से संपर्क कर शिविर में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

### 24 जून से 9 जुलाई तक प्रदेशभर में चलाया जाएगा,पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा,( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने पखवाड़े के अन्तर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में लक्षित परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने के लिए योजनाओं का लाभ लाभार्थी तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, लम्बित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण, स्वामित्व पट्टो का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अन्तर्गत लम्बित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य भी शिविर में संपादित कर आम जिनको लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को रोजाना पांच कैंप विकसित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट ने विभागों को भेजे गए एमपी/एमएलए परिवादों की समीक्षा कर शेष परिवादों के जवाब भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने हरियालो राजस्थान के तहत सभी विभागों को लक्ष्य अनुसार प्लान तैयार कर पौधारोपण करने के निर्देश दिए इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पौधारोपण इसी स्थिति में किया जाए जहां उसकी सुरक्षा एवं जल की व्यवस्था हो सके। जिला कलक्टर ने डीसीएमएचओ को निर्देशित किया कि मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान एएसपी राजेंद्र सिंह, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी, सीडीपीओ बीना गुप्ता, बिजली विभाग सहायक अभियंता दिनेश भड़ाना, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पीएचईडी, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### 24 जून को यहां किया जाएगा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अभियान के तहत शिविरों का आयोजन

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने शिवरो की सफल संचालन हेतु जिला नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट एवं उपखंड स्तर पर नोडल अधिकारी संबंधित उपखंड अधिकारी को नियुक्त किया। अभियान के तहत मंगलवार को उपखंड किशनगढ़ बास कि ग्राम पंचायत बंबोरा एवं ओदरा, उपखंड कोटकासिम की ग्राम पंचायत पतलिया एवं झाड़का, उपखंड मुंडावर की ग्राम पंचायत अजरका, जिंदोली, बिजवाड़ चौहान एवं सोडावास, उपखंड टपूकड़ा की ग्राम पंचायत रभाना एवं कमालपुर, उपखंड तिजारा की ग्राम पंचायत गोठड़ा एवं भिंडूसी में शिवरो का आयोजन किया जाएगा। शिवरो का आयोजन प्रातः 9=30 से सायं 5=30 बजे तक किया जाएगा।



## नार्को कोऑर्डिनेशन केंद्र की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सचिवालय खैरथल तिजारा में नार्को कोआर्डिनेशन केंद्र की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी, अफीम या गंजे की अवैध खेती, ट्रामाडोल कोडिन आधारित खांसी की दवाई, भांग के वैध ठेको पर संचालित अवैध गतिविधियों की रोकथाम, पुलिस विभाग में अन्य विभागों द्वारा अभी तक की गई कार्यवाही, एनडीपीएस अधिनियम और दवाइयां के हानिकारक प्रभाव के प्रावधान के बारे में जागरूकता साहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने जिले में ड्रग की समस्या से निपटने में युवाओं और महिलाओं की भागीदार हेतु जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए तथा नशा मुक्त भारत अभियान की सफलता के क्रम में सभी कार्यालयों के कार्मिकों, स्कूल एवं कॉलेज में नशा विरुद्ध अभियान की प्रेरणा स्वरूप एक शपथ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक के दौरान भांग के ठेकों निगरानी रखते हुए वैध तरीके से संचालित करवाने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान उपस्थित उन्होंने जिले में पुलिस विभाग को नशीले पदार्थों की तस्करी तथा बेचान के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि जिले में अफीम जैसे मादक पदार्थों का प्रचलन नहीं है परंतु जिले में गांजे के प्रकरण सामने आए जिनके विरुद्ध समय-समय पर कार्यवाही की गई है। विद्यालयों के परिधि में तंबाकू उत्पाद बेचने पर 1 जनवरी से अब तक 65 प्रकरणों में 65 लोगों के खिलाफ 13000 का चालान किया गया। इसी प्रकार 1 जनवरी से अब तक 19.107 किलो गांजा भिवाड़ी पुलिस द्वारा एवं 5 किलो 723 ग्राम गांजा खैरथल पुलिस द्वारा पकड़ कर कार्रवाई की गई। भिवाड़ी पुलिस ने कार्यवाही कर 153.6 ग्राम स्मेक, 86.8 ग्राम चिट्टा, 13.65 किलो डोडा चूरा एवं एक मोटरसाइकिल वाहन जप्त कि। इसी प्रकार खैरथल पुलिस द्वारा 118 प्रकरणों में 106 लोगों को गिरफ्तार कर 1750 लीटर हथखड़ शराब एवं 15 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त की, एवीएन भीवादी पुलिस द्वारा 121 प्रकरणों में 111 लोगों को गिरफ्तार कर 519 लीटर हथकड़ एवं 789 लीटर देसी शराब एवं 5.22 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त की। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी अतुल साहू, डिप्टी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पूरण मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की 71 वीं पुण्यतिथि मनाई



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मण्डल मण्डल बानसूर में मण्डल अध्यक्ष राकेश सिंघल की अध्यक्षता में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी की 71वीं पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर एडवोकेट संकेत लाटा ने ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सच्चा देशभक्त बताया। उन्होंने कहा कि भारत विभाजन के बाद वे अखण्ड भारत के सच्चे पक्षधर थे। उन्होंने कहा कि 23जून 1953को डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी के अखण्ड भारत की लड़ाई में उनको अमर बलिदानी के रूप में जाना जाता है। भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370हटा कर उनके सपने को साकार किया है। इस मौके पर उपस्थित भाजपाईयों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने की शपथ ली।

## पेंशनर समाज ने प्रधानमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** केंद्रीय सिविल सेवा नियमों और भारत की संचित निधि से पेंशन देनदारियों पर व्यय के सिद्धांतों के वैद्यकरण से संबंधित विधेयक संसद में पारित होने के विरोध में राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा राजगढ़ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा राजगढ़ के महामंत्री राजेश शर्मा ने बताया कि इस विधेयक के पास हो जाने से केंद्र सरकार को पूर्व पेंशनरों और वर्तमान पेंशनरों में विभेद करने का अधिकार प्राप्त हो गया है। इस प्रकार केन्द्र सरकार के द्वारा पूर्व पेंशनरों एवं वर्तमान पेंशनरों में भेद करने का अधिकार प्राप्त करने से उच्चतम न्यायालयों के निर्णयों का उल्लघंन होता है। उन्होंने कहा कि इससे 1 जनवरी 2006 के पहले व इसके पश्चात के पेंशनरों के मध्य 7वें वेतन आयोग द्वारा प्रदत्त समानता भी समाप्त होने का जोखिम उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि पेंशन योजना इस लक्ष्य के साथ आगे बढ़नी चाहिए जिससे पेंशनर स्वावलम्बी, स्वतंत्र एवं स्वाभिमान से उसी स्तर का जीवन व्यतीत कर सके जैसा कि सेवानिवृत्ति के पूर्व व्यतीत कर रहा था। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय के आधार पर ही पूर्व पेंशनरों और वर्तमान पेंशनरों को एक ही क्लास के रुप में मानते हुए उनके मध्य समानता प्राप्त है यही नहीं, सप्तम वेतन आयोग द्वारा भी पूर्व पेंशनरों एवं वर्तमान पेंशनरों में समानता प्रदान करते हुए वेतन-पेंशन के ढ़ांचे की सरंचना की गई है। ज्ञापन के दौरान अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, महामंत्री राजेश, किशोर मुखर्जी, सतीश विजय, अशोक सैन, बनवारी सैन आदि उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 की वृन्दावन में आयोजित अवार्ड सेरेमनी समापन

### एमजेएफलायन गिरीश गुप्ता को मिला श्रेष्ठ मंगल सेवा रतन अवार्ड आउटस्टैंडिंग रीजन चेयरपर्सन ऑफ द ईयर ए टर्बो परफॉरमेंस अवार्ड, आउटस्टैंडिंग सपोर्टिंग लायन लीडर अवार्ड से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 की 21व 22 जून को वृन्दावन में आयोजित चौथी कैबिनेट मीटिंग एवं अवार्ड सेरेमनी समापन के अंतर्गत लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सदस्य एवं डिस्ट्रिक्ट 3233ई1 के रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन गिरीश गुप्ता को श्रेष्ठा मंगल सेवा रतन अवार्ड . आउटस्टैंडिंग रीजन चेयरपर्सन ऑफ द ईयर एटर्बो परफॉरमेंस अवार्ड,आउटस्टैंडिंग सपोर्टिंग लायन लीडर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एमजेएफ लायन ओ.पी.मंगल एवं उनकी पत्नी लायन विनय मंगल द्वारा इसी साल से उनकी दिवंगत बिटिया रानी इंजिनियर श्रेष्ठा की मधुर यादो को बनाये रखने के लिए प्रारंभ किया गया है जिसके तहत रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन एमण्जेएफलायन गिरीश गुप्ता को श्रेष्ठा मंगल सेवा रतन अवार्ड . आउटस्टैंडिंग रीजन चेयरपर्सन ऑफ द ईयर से नवाजा गया है। लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ.मंजू अग्रवाल ने बताया कि वृन्दावन में आयोजित इस कांफ्रेंस में लायंस क्लब अलवर मत्स्य के अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ.मंजू अग्रवालए सचिव लायन सुधा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन संध्या अग्रवाल को बेस्ट परफॉरमेंस अवार्डस तथा क्लब को फूड फॉर हंगर, प्लांटेशन,आई कैंप, मेडिकल कैंप के लिए भी कुल 8 अवाड्र्स प्राप्त हुए हैं। हमारे क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन गिरीश गुप्ता को ये सभी अवाड्र्स डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजे लायन सुनील अरोडा पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन सुनिल गोयल, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायनअशोक ठाकुर, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एमजेएफ लायन ओपी मंगल ने उनका लायनि%म के प्रति रुझान, कुछ कर गुजरने का ज%बा, हर क्षेत्र में बेहतरीन परफॉरमेंस देने हेतु ये अवाड्र्स प्रदान किये। इसके अलावा एक सिल्वर पिन भी अवार्ड में पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन अशोक ठाकुर ने लायन गिरीश गुप्ता को प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया। जैसा की विदित है कि लायंस क्लब इंटरनेशनल की तरफ से पूर्व में भी इंटरनेशनल एवं नेशनल अवार्डो से इंटरनेशनल डायरेक्टर, इंटरनेशनल प्रेसिडेंट्स कई बार रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन गिरीश गुप्ता सम्मानित कर चुके है लायन गिरीश गुप्ता अब तक 72 बार स्वे%छक रक्तदान करने वाले राजस्थान के एक मात्र लायन लीडर है। मित्तल हॉस्पिटल के निदेशक एवं पूर्व जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन डॉ. एससी मित्तल, पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन अलका मित्तल, लायन महेश जैन एवं डॉ. सुधीर गुप्ता ने भी मित्तल हॉस्पिटल में एमजेएफ लायन गिरीश गुप्ता को अवाड्र्स मिलने की बधाई देते हुए शुभकामनाये प्रेषित की।

## नाले में गिरा सांड, जेसीबी की मदद से निकाला



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर।** कस्बे के गोविन्द देव जी मंदिर के पीछे बारलाबास स्थित नाले में एक सांड गिर गया। सांड गिरने की सूचना स्थानीय निवासी मुंशीलाल गुप्ता ने नगर पालिका के अध्यक्ष सतीश दुहारिया को फोन कर दी। पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया ने इसकी सूचना नगर पालिका के रेस्क्यू टीम नगर पालिका कर्मी जुगनू तंबोली को फोन कर दी। तंबोली तुरंत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और नाले में गिरे सांड को सह कुशल बाहर निकाल लिया और स्थानीय लोगों ने तंबोली सहित टीम के सभी लोगों की प्रशंसा और आभार व्यक्त किया।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल राजगढ़ द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सभी बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके राष्ट्रहित में दिए गए बलिदान को याद करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। राजगढ़ मंडल के कार्यक्रमों में मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, विधानसभा संयोजक प्रेम नाथ धामानी, कार्यक्रम संयोजक फूलचंद प्रजापत, बूथ अध्यक्ष शक्ति सिंह, लोकेश उपाध्याय, शंभू सैनी तथा रतिराम सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रमों के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो संघर्ष किया, वह आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

मौहल्ला बैठके लोगों से सीधे संवाद का उचित माध्यम

# में आप सब लोगों से मिलने आपके घर आया हूं : शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर

बढ़ता राजस्थान



**चेचट/रामगंजमंडी/कोटा (विनोद गौड़)।** पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर द्वारा मोहल्ले मोहल्ले में आयोजित की जाने वाली मोहल्ला बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि मोहल्ला बैठको से मुझे आपके बीच आने का मौका मिलता है। आपके सुख-दुख और परेशानियों को समझने का मौका मिलता है। ऐसे में मैं आपके द्वारा सरकार से क्या अपेक्षा है इनको समझ पाता हूं । और आपकी समस्याओं का हल करके मुझे आपके द्वारा चुने जाने का जो सौभाग्य आपने मुझे दिया है उस कार्य को पुरा कर पाता हूं। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने आज यहां अपने विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चेचट में गाड़िया लुहार कॉलोनी में नाका कॉलोनी के पीछे नया सामुदायिक भवन बनाने के लिए 10 लाख रुपए अपने विधायक कोष से देने की घोषणा की है। दिलावर ने पंचायत समिति के बीडीओ तेजेंद्र को निर्देश दिए कि सभी को 300 वर्ग गज के पट्टे बनाकर दो इस से कम पट्टा नहीं देना है। जिनको 20×20 का पट्टा दिया है उसे निरस्त कर के 300 वर्ग गज का नया पट्टा बनाकर दो। श्री दिलावर ने कहा की इस काम में कोई भी कोताही नही होनी चाहिए। श्री दिलावर ने कहा कि परिवार में 21 साल या उससे अधिक आयु का लड़का है और उसकी शादी हो गई है। तो उसको अलग परिवार मानते हुए उसे अलग पट्टा दिया जाए। साथ ही विश्वकर्मा योजना,पालनहार योजना,पेंशन योजना तथा समाज कल्याण विभाग की योजनाओं का भी इन लोगों को लाभ दिलवाया जाए। मीणा कॉलोनी में डी एम एफ टी फंड से निर्मित सड़क के क्षतिग्रस्त होने की शिकायत पर मंत्री ने सड़क को ठीक करने के निर्देश दिए। सफाई नहीं हुई तो सस्पेंड कर दूंगा बस स्टैंड, भंडारी जी का बाड़ा में आयोजित बैठक में मंत्री दिलावर ने ग्राम विकास अधिकारी त्रिलोचन कुमार को बुलाकर कहा कि सफाई का काम ठीक नहीं हो रहा है कर्मचारी काम है तो और लगाओ पर रोज सफाई करवानी है। पूरे 8 घंटे कम करो और पौने नौ हजार रुपए महीने सफाई कर्मी को तनख्वाह दो। पर हर हाल में सफाई हर दिन होनी चाहिए। ग्राम विकास अधिकारी ने कहा कि 28 आदमी लगा रखे हैं। इस पर मंत्री ने कहा कि 28 आदमी कम नहीं होते। सफाई दिखनी चाहिए नहीं तो सस्पेंड कर दूंगा। इस पंचायत को 4 लाख रुपए महीने सफाई के मिल रहे है। कचरा संग्रहण के लिए गाड़िया नहीं है तो गाड़ियां खरीदो। नहीं तो प्रस्ताव बना कर भेजो। हम 2300 गाड़ियां खरीद रहे हैं। आपको दे देंगे।शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने सख्त लहजे में बी डी ओ को चेतावनी दी कि जो ग्राम अधिकारी निर्देशों की पालना नहीं करवा पा रहे हैं उनकी तनख्वाह रोक दो। बोहरा जी का बंगला,गर्ल्स स्कूल के पास हुई मौहल्ला बैठक में श्री दिलावर ने सालेडा रोड गर्ल्स स्कूल से शमशान घाट तक नाला निर्माण के लिए 10 लाख रुपए विधायक कोष से दिए। मंत्री श्री दिलावर ने बताया कि खैराबाद और चेचट में नाला ढ़कान के लिए 3.5 करोड रुपए स्वीकृत किए गए थे। आवश्यकता को देखते हुए ये राशि बढ़ाकर अब 7 करोड़ कर दी गई है ताकि क्षेत्र के सभी नालों का ढकान हो सके। दोपहर को स्थानीय व्यापारियों की बैठक आयोजित कर उनसे मंत्री ने चर्चा की। आज कुल 12 मौहल्ला बैठक और एक व्यापार मंडल की बैठक आयोजित की। इस प्रकार से 13 बैठकों के जरिए शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने लोगो से मुलाकात की और उनके हाल चाल जाने। बैठक में कोटा के उप जिला प्रमुख कृष्ण गोपाल अहीर, हंसराज रायका चेचट भाजपा मंडल अध्यक्ष, गौरीशंकर महात्मा मंडल प्रतिनिधि, पंचायत समिति सदस्य भूपेंद्र फाडदा, हेमलता मेहरा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य, पूर्व प्रधान दिनेश भंडारी, भाजपा नेता नितिन शर्मा, ढाबादेह भाजपा मंडल अध्यक्ष सांवर लाल मेघवाल सहित अन्य नेता, जन प्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित थे।



# बर्लिन यात्रा के दौरान वासुदेव देवनानी ने किये वेदांत दर्शन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** 23जून को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बर्लिन मे सोमवार को रामकृष्ण मिशन केंद्र के बेलूर मठ गए । उन्होंने वेदांत गेसेल शाफ्ट संस्था के प्रतिष्ठित केंद्र का अवलोकन किया। बेलूर मठ रामकृष्ण मिशन का आध्यात्मिक केंद्र है। इस अवसर पर उन्हें स्वामी बनेशानंद से भेंट की । दोनों के मध्य सनातन, आध्यात्मिक और भारतीय संस्कृति पर संवाद हुआ। देवनानी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद द्वारा स्थापित रामकृष्ण मिशन के इस यूरोपीय केंद्र में अद्वैत वेदांत, योग और ध्यान के माध्यम से भारतीय दर्शन का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यह केंद्र न केवल बौद्धिक चिंतन का स्थल है, बल्कि यह मानवता की सेवा और आत्म-जागरूकता को समर्पित एक प्रकाश-स्तम्भ के रूप में कार्य कर रहा है। श्री वासुदेव देवनानी और स्वामी बनेशानंद ने वेदांत दर्शन, भारतीय संस्कृति के वैश्विक स्वरूप और आधुनिक युग में अध्यात्म की आवश्यकता जैसे गूढ़ विषयों पर चर्चा की । इस संवाद को श्री देवनानी ने आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण और जीवन-दृष्टि को व्यापक बनाने वाला बताया। इस अवसर पर श्री देवनानी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा और रामकृष्ण मिशन का कार्य भारत की आत्मा को वैश्विक मंच पर मुखर करता है। अन्य देशों में यह केंद्र भारतीयता की दिव्य ज्योति को विश्वभर में प्रज्ज्वलित कर रहे हैं। यह केंद्र भारत और यूरोप के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुल के रूप में एक महत्वपूर्ण है। श्री देवनानी ने इस केंद्र को आध्यात्मिक तीर्थ बताया, जहाँ विचार, साधना और सेवा के त्रिवेणी संगम के दर्शन होते हैं।

पंचायत राज मंत्री का प्रेरणा दायक उद्घोष

# 5 सौ पौधे लगाओ तो ट्यूबवेल, एक साल के वृक्ष बनने पर 5 लाख की इंटरलॉकिंग



बढ़ता राजस्थान

**कोटा/घाटोली/रामगंज मंडी (विनोद गौड़)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर अपने क्षेत्र की जनता को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने और प्रेरित करने के लिए लगातार प्रयास करते रहते है। ग्राम पंचायतों में दैनिक सफाई, पॉलीथिन और डिस्पोजल का विरोध तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए आमजन को जागरूक करने के लिए अनेक नवाचार करते है। सोमवार को घाटोली ग्राम पंचायत के सरकार आपके द्वारा जन समस्या समाधान शिविर में मदन दिलावर में एक परिवादी को वृक्षारोपण करने के लिए अनूठे तरीके से प्रेरित किया। दिलीप कुमार शर्मा,गौरीशंकर शर्मा आदि ने ग्राम खेड़ली में श्री महादेव मंदिर खेड़ली परिसर में पानी की व्यवस्था करने और मंदिर तक इंटरलॉकिंग करने की दरख्वास्त दी। मंत्री मदन दिलावर ने परिवादियों को कहा कि अभी बारिश शुरू हो गई है। आप मंदिर परिसर और गांव के चारागाह भूमि पर 500 पौधे लगाते हैं और 6 माह तक उनकी देखरेख करते है तो में आपके मंदिर परिसर में टयूबवेल लगवा दूंगा। और पौधे जब एक साल के हो जाएंगे तो उनकी चारदीवारी और इंटरलॉकिंग के लिए 5 लाख रुपए दूंगा। परिवादी ने ग्रामवासियों के साथ 500 पौधे लगाने और पेड़ बनाने की जिम्मेदारी सहर्ष स्वीकार की।

# गोविंद सिंह डोटासरा एवं राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का बांरा जाते समय कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बारां में आयोजित संविधान बचाओ रैली में जाते समय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का सोमवार को बूंदी में कोटा रोड स्थित एक निजी होटल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सत्येश शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता एवं माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। दोनों नेताओं ने इस अवसर कुछ देर कार्यकर्त्ताओ से संवाद कर संगठन की गतिविधियों की जानकारी ली ओर बूँदी जिले की टीम को मजबूत बताया द्य स्वागत ओर संवाद के समय पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बूंदी के अध्यक्ष राम किरण मीणा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तालेड़ा के अध्यक्ष प्रेम शंकर राठौर, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेश सोनी, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष निशांत नुवाल, राजीव, गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष महावीर मीणा, नगर परिषद के उप सभापति लटूर भाई, वरिष्ठ पार्षद टीकम जैन, प्रेम प्रकाश एवरग्रीन, मोइनुद्दीन फॉरवर्ड, कस्तूरी बाई, मोडु लाल वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष चेतराम मीणा, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव गिरिराज मीणा, यासीन कुरेशी, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव जगरूप सिंह रंधावा, मंडल अध्यक्ष इमरान देशवाली सही कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सर्पदंश में पहले आधे घंटे से लेकर अधिकतम 2 घंटे ही जान बचाने के लिए महत्वपूर्ण : महोबिया



बढ़ता राजस्थान

**कोटा/बारां (विनोद गौड़)।** पुलिस महानिरीक्षक रवि दत्त गौड़ एवं सर्प एवं मानव कल्याण संस्था के डॉ विनीत महोबिआ के सहयोग से पुलिस के कार्मिकों एवं अधिकारीयों के सर्पदंश में घायल मरीज़ों की सहायता करने और उन्हें जल्दी से जल्दी हॉस्पिटल पहुंचाने के लिए प्रशिक्षण शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम मे बारां के पुलिस लाइन में 50 से अधिक कार्मिकों एवं महिला पुलिसकर्मियों एवं अधिकारीयों ने भाग लिया। कार्यशाला मे सांप के व्यवहार के बारे में जानकारी देते हुये महोबिआ ने बताया की सांप अगर घर में आ जाये तो आप उसे बिना परेशान किये जाने दें। और अगर कमरे में आ जाये तो रेस्कुएर के माध्यम से उसका रेस्क्यू करवा दें । लेकिन जोश में उस पर हमला न करें। सर्प और मरीज दोनों को बचाया जाये। महोबिया ने बताया की हमें सर्प को भी बचाना है एवं सर्प दंश के मरीज़ों को भी बचाना है। मरीज़ को जल्दी से जल्दी हॉस्पिटल भर्ती करना चाहिए के बारे में बताया साथ में पुलिस महोबिआ ने बताया की हमें सर्प को भी बचाना है एवं सर्प दंश के मरीज़ों को भी बचाना है। मरीज़ को जल्दी से जल्दी हॉस्पिटल भर्ती करना चाहिए। पुलिस कर्मियों ने पुरानी किवदतियों को वैज्ञानिक जानकारी से अपडेट करा। लेखराज ए इस आई ने सांपों के बदला लेने के बारे जानकारी पुछा। रमेश ए इस आई ने सांप दूध पीते है या नही इस बारे में जानकारी चाही। पुष्पराज ए एस आई ने गोयरा के किवदंतियों के वैज्ञानिक जानकारी चाही। पुलिस लाइन आर आई लेखराज ने धन्यवाद ज्ञापित किया एवं इस प्रकार की जानकारी उपलब्ध करने के लिए रेंक आई जी रवि दत्त गौड़ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अपहरण एंव दुष्कर्म प्रकरण में पुलिस को मिली सफलता

नगरफोर्ट थाना के संग्रामपुरा से आरोपी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** पुलिस टीम ने सोमवार को अपहरण व दुष्कर्म प्रकरण में कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया जाने में सफलता मिली है। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि फरियादीया ने पुलिस को दी गई रिर्पोट में बताया कि गांवड़ी गांव से देई में कपड़े लेने उसके रिश्ते के भाई विनोद के साथ बाइक में गई थी। देई में संतराम मोटर साईकिल लेकर आया ओर उसको जबरदस्ती बैठा कर उसके गांव संग्रांमपुरा बिजोलिया लेकर चला गया। जहां उसने उसके साथ मारपीट की ओर जबरदस्ती गलत काम किया। पुलिस प्रकरण दर्ज करके अनुसंधान किया। पुलिस टीम को जानकारी मिलने पर पुलिस टीम ने आरोपी संतराम पुत्र भरूलाल निवासी संग्रामपुर बिजोलिया थाना नगरफोर्ट को गिरफ्तार किया है।

# आठवे वेतनमान का लाभ सभी पेशनर्स को मिले-पीएम के नाम दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, (टी.आर सैनी)।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा नैनवां द्वारा अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन के आव्हान पर पीएम के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर आठवें वेतनमान का लाभ सभी पेंशनर्स के लिए समान रूप से लागू करने की मांग की गई। ज्ञापन के दौरान उपशाखा अध्यक्ष सत्यनारायण स्वामी, भवानी सिंह सोलंकी, भॅवरलाल जाट, गिरिराज नागर, सुन्दरलाल मीणा, प्रभूलाल नागर,रामस्वरूप वर्मा, सीताराम पारीक, हर्षवर्धन सिंह, राजेन्द्र जैन, कैलाश चंद टेलर, पुरूषोतम सोनी, प्रहलाद सिंह, प्रहदाल नागर, सत्यनाराण साहू,राजेश शर्मा उपस्थित रहे।

# परशुराम जन्मोत्सव की समीक्षा बैठक संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** परशुराम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान मे सोमवार शाम विप्र फाउंडेशन द्वारा फेस 2 हनुमान मंदिर पर परशुराम जयंती महोत्सव की समीक्षा एवं आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करने के लिए बैठक आयोजित की गई। आयोजन समिति के प्रमुख एवं विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष के के दुबे ने बताया कि, बैठक में सभी ब्राह्मण घटकों के वरिष्ठ एवं युवाओं ने भाग लिया। फाउंडेशन के प्रदेश महासचिव संतोष शर्मा ने परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रयुक्त हुई राशि का आय-व्यय का विस्तृत विवरण बैठक में प्रस्तुत किया। समीक्षा बैठक में फाउंडेशन के आने वाले कार्यक्रमों के बारे में वार्ता हुई। जिसमें प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह एवं वन विहार कार्यक्रम के बारे में चर्चा की गई । बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिओम शर्मा, प्रदेश महासचिव संतोष शर्मा, जिला अध्यक्ष के के दुबे, सियाराम शर्मा, लीला शर्मा, पूनम शर्मा, सूर्य प्रकाश शर्मा, के. एल. पुष्करणा, विष्णु शर्मा, कमलेश जोशी, रामेश्वर शर्मा एवं जिला महासचिव अनिल शर्मा उपस्थित रहे।

# बीमार पैंथर को बचाने के लिए वनकर्मियों ने दिखाई बहादुरी, बाइक पर ले गए इलाज के लिए

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले के फूलसागर रोड स्थित रामपुरिया गांव में शनिवार को एक बीमार पैंथर मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। यह पैंथर अक्षय हाड़ा की जमीन पर पड़ा मिला, जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। बताया जा रहा है कि यह लगभग दो वर्ष का पैंथर सांप के काटने से घायल हुआ था, जिससे उसकी आंखों की रोशनी भी प्रभावित हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना देने के करीब आधे घंटे बाद दो वनकर्मी मौके पर पहुंचे, लेकिन विभागीय वाहन के नहीं पहुंचने के कारण उन्होंने बीमार पैंथर को अपनी जान जोखिम में डालकर बाइक पर ही रामगढ़ अभयारण्य रेंज की चौकी तक पहुंचाया। इसके बाद पैंथर को जीप में डालकर कोटा इलाज के लिए ले जाया गया, जहां उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। इस घटना ने वन विभाग की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रामगढ़ अभयारण्य जैसे महत्वपूर्ण वन क्षेत्र में वन्यजीवों को लाने-ले जाने के लिए मूलभूत संसाधनों, जैसे कि वाहन, का अभाव चिंताजनक है। हालांकि, वनकर्मियों की बहादुरी और तत्परता की सराहना की जा रही है, जिन्होंने संसाधनों के अभाव में भी पैंथर को सुरक्षित इलाज तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया।

# 10 करोड़ के प्रस्तावों की मंजूरी अटकी, नतीजा; इस बार जानलेवा गड्ढों का सामना करेगा शहर

## सीजन की पहली बारिश भी नहीं झेल सका पेचवर्क, हालात जस के तस

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** मानसून सक्रिय हो चला है। यानी बारिश और कीचड़ बनी रहेगी, लेकिन इस बीच शहर की सड़कों पर जरा सावधानी से चलें, क्योंकि सड़कों की मरम्मत अथवा निर्माण नहीं हुआ है। फलस्वरूप बारिश के पानी से सड़क में छिपे गड्ढे आपको चोट पहुंचा सकते हैं। इन भरने और सुधारने के लिए 10 करोड़ का बजट प्रस्तावित था, लेकिन इनके प्रस्तावों को मंजूरी नहीं मिली। जिसके चलते शहर की सड़कें गड्ढों से भरी पड़ी है।

गौरव पथ, हरदेव नगर, पुराना, जगन टॉकीज मार्ग व धूलकोट, ओडेंला रोड से लेकर शहर से गुजरने वाले एनएच 44 के सर्विस रोड खस्ताहाल स्थिति में है। कहने को एनएचएआई ने राजाखेड़ा बाईपास कट से आगे मिड-वे के सामने सर्विस रोड पर इन्टरलॉकिंग टाइल्स बिछाकर लोगों की समस्या को दूर किया था। लेकिन धौलपुर से आगरा की ओर जाने वाले सर्विस रोड पर आज भी बड़े बड़े गड्ढे है। जिनमें जलभराव की स्थिति

कायम है और वह इतने गहरे है कि वाहन फंसने के बाद अपना संतुलन खो देते है। बीते साल मानसून सीजन खत्म होने के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग ने शहर की मुख्य सड़कों पर पेचवर्क का कार्य कराया था।

लेकिन पेचवर्क में इतनी



निम्न क्वालिटी का मेटेरियल इस्तेमाल किया गया। जो एक बरिश भी नही झेल सका।

विभाग ने कमियां छुपाने के लिए ठेकेदार से पुनः पेचवर्क कराया, लेकिन वह पेचवर्क भी ज्यादा दिन नहीं टिक सका। धौलपुर स्टेशन मार्ग से लेकर पैलेस तक सड़क पर किया गया पेचवर्क अब पूरी तरह उखड़ चुका है। गड्ढे फिर से अपने पुराने स्वरुप में आ गए है। अब वही कमरतोड़ू गड्ढे फिर से लोगों को डरा रहे है। साथ ही पेचवर्क से उखड़ी गिट्टियां वाहन फिसलने का मुख्य कारण बन चुकी है। इन हालातों को सुधारने की ज़रुरत है, वरना अबकी बारिश के कारण सड़कों का हाल आर बुरा हो जाएगा। बीते साल भी एनएच 44 के सर्विस रोड पर जलभराव के कारण कई वाहन पलटे थे। जिसमें लोग चोटिल भी हुए। शिकायतें जब उच्च अधिकारियों तक पहुंची तो सर्विस रोड के खराब हिस्से को दुरुस्त कर दिया गया। लेकिन सिर्फ उक्त स्थान पर ही गड्ढों को भरा गया था। पूरे साल विभाग हाथ पर हाथ रखे बैठे रहे।

कभी बजट का तो कभी कर्मचारियों का अभाव सड़कों के गड्ढों को नहीं भर सका। अब लोगों को फिर से गड्ढों की चिंता सताने लगी है। सड़कों के निर्माण व गड्ढों को भरने के लिए समय समय पर लोगों के द्वारा शिकायतें उच्च अधिकारियों तक जाती रही है। लेकिन बजट के कारण सड़कों और उनके गहरे गड्ढों का निराकरण नही हो पाया है।

**इनका कहना**

सड़कों की स्थिति सुधार के लिए 10 करोड़ का बजट मिला था। प्रस्ताव बनाकर भेजे गए है। अभी स्वीकृति मिलने का इंतजार है, जल्द सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाएगा।

श्रीनिधि बी टी,
जिला कलेक्टर धौलपुर

# पेंशनरों को 8वें वेतन आयोग से वंचित किए जाने के विरोध में पेंशनर समाज का विशाल जुलूस, प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** केंद्र सरकार द्वारा 8वें वेतन आयोग के लाभ से पेंशनरों को वंचित करने संबंधी अध्यादेश के विरोध में सोमवार को पेंशनर समाज ब्यावर ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए विशाल जुलूस निकाला और माननीय प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा।यह विरोध प्रदर्शन अखिल भारतीय स्टेट पेंशनर फेडरेशन के आह्वान पर किया गया, जिसमें पेंशनर समाज ब्यावर के अध्यक्ष नारायण सिंह पंवार के नेतृत्व में सैकड़ों पेंशनर भाई-बंधु अजमेरी गेट के सामने सुभाष सर्किल पर एकत्रित हुए। नारायण सिंह पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि अब तक सभी वेतन आयोगों से पेंशनरों को लाभ मिलता रहा है, लेकिन वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा लाया गया यह अध्यादेश न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों का भी हनन करता है। उन्होंने इस बात पर भी रोष जताया कि इस अध्यादेश के खिलाफ पेंशनर न्यायालय भी नहीं जा सकते।वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलाम सरवर ने कहा कि फेडरेशन के आगामी हर विरोध चरण में पेंशनर समाज बढ़-चढ़कर भाग लेगा और केंद्र सरकार को यह अध्यादेश वापस लेना ही होगा। वहीं जिला मंत्री हेमंत दीक्षित ने इसे तानाशाही सोच की उपज बताते हुए पेंशनरों से एकजुट होकर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। सलाहकार



मंडल सदस्य शंकर लाल चौधरी ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक सरकार यह अध्यादेश वापस नहीं लेती, पेंशनर संघर्ष करते रहेंगे।यह जुलूस सुभाष सर्किल से शुरू होकर भगत चौराहा, सिटी थाना, न्यायालय परिसर होते हुए कलेक्ट्रेट तक पहुंचा। पेंशनरों ने पेंशन वृद्धि हमारा अधिकार, पेंशनर विरोधी अध्यादेश वापस लो, केंद्र सरकार की तानाशाही नहीं चलेगी जैसे नारे लगाते हुए विरोध जताया। तीन-तीन की कतार में काली पट्टी बांधे पेंशनरों ने काले छाते लेकर विरोध का अनोखा दृश्य प्रस्तुत किया। जुलूस की लंबाई इतनी अधिक थी कि इसकी अग्र पंक्ति भगत चौराहे पर थी, जबकि अंतिम पंक्ति रॉयल टॉकीज के पास से गुजर रही थी।

कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचने पर अध्यक्ष पंवार ने प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर का संदेश पढ़ा, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय डी.एस. नकारा बनाम यूनियन ऑफ इंडिया का उल्लेख करते हुए पेंशन को पेंशनरों का अधिकार बताया गया। संदेश में डी.एस. नकारा के योगदान को चिरस्मरणीय बताते हुए उनकी स्मृति में प्रदेश स्तरीय पेंशनर भवन पर मूर्ति एवं कॉरिडोर निर्माण की घोषणा की गई।

इस विशाल विरोध जुलूस में मुख्य संरक्षक सत्यनारायण सांखला, ओमप्रकाश अग्रवाल, भंवरलाल भट्ट, महेंद्र चौहान, राधेश्याम शर्मा, कूंप सिंह रावत, भंवरलाल पलासिया, कूंपा राम जोधावत, राजू सिंह काबरा, कन्यालाल बागड़ी, भंवर सिंह राजियावास, हरकरण जलवानिया, चंद्रभान कुर्दिया, रूघा सिंह पवार, हरि सिंह काबरा, सुभाष त्रिपाठी, जगदीश प्रसाद, श्याम सुंदर माली, ओमप्रकाश स्वर्णकार, मदनलाल अग्रवाल, भंवरलाल पिंडियार, उमसिंह रावत, बालूसिंह गहलोत सहित 300 से अधिक पेंशनर मौजूद रहे।

## राजसमंद में अपराजिता परियोजना के तहत एकल महिलाओं ने चलाया पोस्टकार्ड अभियान

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस के मौके पर राजसमंद में जन विकास संस्थान और महिला मंच द्वारा संचालित अपराजिता परियोजना के तहत सैकड़ो महिलाओं ने माननीय मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड लिखे। जिले के विभिन्न ब्लाकों में रह रही एकल महिलाओं ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर चलाया पोस्टकार्ड अभियान। इस अभियान के तहत लिखे गए पोस्टकार्ड में महिलाओं ने नरेगा में काम, खाद्य सुरक्षा योजना में लाभ दिलाने शाहिद अलग-अलग सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की गई है। योजना के तहत आई महिलाओं का कहना है कि उन्हें सामान्य लाभार्थियों से कुछ अधिक लाभ दिलाया जाए क्योंकि उनका और उनके परिवार का गुजर बसर एकल महिलाओं के हाथ में रहता है।

## जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई,

### मुखर्जी की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन मूल्यों को किया याद,



बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के मौके पर राजसमंद जिला मुख्यालय के मुखर्जी चौराहा स्थित विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल के नेतृत्व में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर मुखर्जी के जीवन मूल्यों को याद किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी चौराहे के आसपास हाथों-हाथ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। जिसके तहत आसपास सर को नालियों और कचरा पात्रों की सफाई की गई। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को बल देने और देश में अभियान को व्यापक रूप देकर स्वच्छता के लक्ष्य को पूरा करने का आह्वान किया।

## जल संसाधन मंत्री रावत के हाथों मिलेगी सौगातें

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। प्रदेश सरकार के जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश रावत दिनांक 25 जून, बुधवार को राजसमंद जिले में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। वे दोपहर 1 बजे धोइंदा में कुमावत समाज भवन के पास स्थित धोइंदा तलाई के सौंदर्यकरण कार्य का शुभारंभ करेंगे। इसके उपरांत वे कमला नेहरू हॉस्पिटल के बाहर बनाए गए कन्या सुरक्षा सर्किल का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात श्री रावत ग्राम पंचायत घाटी पहुंचकर वहां नव निर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे। दोपहर 3 बजे वे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस एवं आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित संयुक्त गोष्ठी में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सायं 4:30 बजे अजमेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## बाड़ी में पेंशनर्स ने किया नए वेतनमान नियमों का विरोध: एसडीएम को सौंपा पीएम के नाम ज्ञापन, जनवरी 2026 से लागू होने जा रहे नए नियम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा बाड़ी के अध्यक्ष सहित विभिन्न पदाधिकारियों और सदस्यों ने सोमवार को उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 1 जनवरी 2026 से प्रस्तावित नए वेतनमान नियमों का विरोध किया गया है।

पेंशनर समाज के अध्यक्ष सुरेश दीक्षित के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में पेंशनर्स ने आरोप लगाया कि ये नए नियम पुराने और नए पेंशनर्स के बीच भेदभाव



उत्पन्न करेंगे। महामंत्री कल्याण प्रसाद शर्मा ने मीडिया को बताया कि संसद में पारित किए गए वेतनमान में सातवें वेतन आयोग द्वारा दी गई समानता को समाप्त कर दिया गया है, जिससे वरिष्ठ पेंशनर्स को नुकसान होगा।

बोले- पुराने पेंशनर्स को महंगाई भत्ते का लाभ नहीं मिलेगा

पेंशनर समाज ने छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा और प्रधानमंत्री से इस विषय में पुनर्विचार की अपील की। पेंशनर्स का कहना है कि प्रस्तावित नियमों के लागू होने पर पुराने पेंशनर्स को महंगाई भत्ते का लाभ नहीं मिलेगा, जो उनके साथ अन्याय होगा। ज्ञापन देने वालों में ओमप्रकाश, रामचरण, प्रभाकर दीक्षित, दीनदयाल, जे.पी. शर्मा, विशलदत्त शास्त्री, ओमप्रकाश भंडारी, ग्रीस शर्मा, अखलेश, तिवारी बाबूजी और मीणा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्यावर में जबरन बदले जा रहे चालू विद्युत मीटर, उपभोक्ताओं में रोष, जिला कलेक्टर से ठेकेदारों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** ब्यावर शहर में पिछले कुछ दिनों से विद्युत उपभोक्ताओं के बीच भारी नाराजगी देखी जा रही है। कारण है बिजली विभाग के ठेकेदारों द्वारा चालू और सही कार्य कर रहे विद्युत मीटरों को जबरन हटाकर स्मार्ट मीटर लगाना। इस कार्यवाही को लेकर उपभोक्ताओं में असंतोष है और इसे गैरकानूनी व जनविरोधी बताया जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने जिला कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि जब मीटर बदलने वाले कर्मचारियों से कारण पूछा जाता है तो वे इसे राज्य सरकार का आदेश बताकर टाल देते हैं, जबकि सरकार की ओर से ऐसा कोई स्पष्ट आदेश जारी नहीं किया गया है।

जोधपुर डिस्कॉम के एक पत्र के अनुसार केवल खराब, बंद या जले हुए मीटरों को ही बदला जाना चाहिए। इसके बावजूद शहर में सही और चालू मीटरों को भी हटाया जा रहा है, जिससे संदेह है कि यह पूरा मामला ठेकेदारों की मिलीभगत और निजी लाभ से जुड़ा है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि इन नए स्मार्ट मीटरों के बारे में चर्चा है कि ये तेजी से रीडिंग दर्ज करते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को ज्यादा बिल भरना पड़ सकता है। दूसरी ओर, राज्य सरकार द्वारा हर माह 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने की योजना को भी इस कार्यवाही से नुकसान पहुंच रहा है।


लोगों ने आरोप लगाया है कि मीटर बदले जाने की कोई पूर्व सूचना नहीं दी जाती, और कई स्थानों पर तो रात के समय भी मीटर बदले जा रहे हैं, जो सुरक्षा की दृष्टि से भी उचित नहीं है।

ज्ञापन देने वालों में विनोद खाटवा, शानू बागड़ी, राजेंद्र टॉक, शंभू यादव एडवोकेट ,जितेंद्र शर्मा, नितेश वर्मा एडवोकेट, सहित अनेक लोग शामिल रहे।

## अरूण कुमार हसीजा बने राजसमंद के नए कलेक्टर: बालमुकुंद असावा को अब पीडब्लूडी में शासन संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राज्य सरकार की ओर से 62 आईएएस के तबादलों की सूची रविवार को जारी हुई, जिसमें राजसमंद कलेक्टर बालमुकुंद असावा के स्थान पर अरूण कुमार हसीजा को राजसमंद के नए कलेक्टर के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है।बालमुकुंद असावा को अब जयपुर में पीडब्लूडी में संयुक्त शासन सचिव बनाया गया, जबकि अरूण कुमार हसीजा को आयुक्त नगर निगम, जयपुर हेरिटेज जयपुर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से तबादला कर राजसमंद कलेक्टर के पद पर नियुक्त किया है।कलेक्टर बालमुकंद असावा का



राजसमंद जिले में कार्य करने का लम्बा अनुभव रहा। असावा उपखण्ड अधिकारी के रूप में राजसमंद में 2 बार व नाथद्वारा में अपनी सेवाएं दे चुके है। इसके अलावा मंदिर मंडल नाथद्वारा में सीईओ के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुके है। 9 माह पूर्व कलेक्टर के पद पर राजसमंद में पदभार संभाला। उसके बाद जिले में कई नवाचार कर सरकारी योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए मिशन मोड पर कार्य किए। कलेक्टर की कार्यशैली के कारण राजसमंद प्रदेश में कई बार प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है। इसके अलावा जनसहभागिता के साथ भी नए नवाचार हमेशा याद रखे जाएंगे।

## निजी स्कूलों की फीस को लेकर यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन: बोले-20 से 35 हजार रुपए तक वसूल रहे, आमरण अनशन की दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। बाड़ी में यूथ कांग्रेस ने निजी स्कूलों की अधिक फीस वसूली को लेकर एसडीएम ऑफिस के बाहर धरना प्रदर्शन किया। यूथ कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कांग्रेस के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और महिला कार्यकर्ता शामिल हुए। यूथ के प्रदेश प्रवक्ता भूदेव शर्मा ने बताया-15 दिन पहले उपखंड अधिकारी को निजी स्कूलों की अधिक फीस और अवैध कोचिंग संस्थानों के बारे में ज्ञापन सौंपा गया था। यूथ पदाधिकारी आर्यन राय ने कहा-शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के दावे के विपरीत, क्षेत्र के निजी स्कूल 20 से 35 हजार रुपए तक की फीस वसूल रहे हैं। नियम के अनुसार यह सीमा 14 हजार रुपए है।प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पूर्व में दिए ज्ञापन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिन के भीतर प्रशासन ठोस कार्रवाई नहीं करता है, तो छात्र हितों के लिए आमरण अनशन किया जाएगा।कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीना, मंडल अध्यक्ष नईम खान, वरिष्ठ कांग्रेसी हरी पहाड़िया, लखना यादव, सेवादल की जिला प्रभारी रोशनी शिवहरे, ध्रुवशुक्ल, अकरम पठान, अनिल सेवादल, अनिल अरेला, योगेश अग्रवाल समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे ।



## लोक सेवक सरकार और आमजन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** किसी भी देश की सरकार अपनी योजनाओं को लोकसेवकों के माध्यम से संचालित करती है। लोकसेवक सरकार और आमजन के बीच महत्वपूर्ण कडी हैं। अतः युवा और विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत जनता के साथ व्यवहार व सेवाओं की जनता तक सतत पहुँच के संबंध में शुरू से ही तैयार किया जाना चाहिए। यह कहना है कृषि महाविद्यालय के दिन डॉक्टर उदयभान सिंह का डॉक्टर सिंह कृषि महाविद्यालय में आयोजित संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में अपना उद्बोधन दे रहे थे। अन्य वक्ताओं ने कहा कि लोकसेवाओं के त्वरित संपादन के लिए कम्प्यूटर व कृत्रिम बुद्धिमता का प्रयोग आज की आवश्यकता है। डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि लोकसेवकों को प्रशासनिक, शिक्षा, चिकित्सा, सडक, संचार, निर्माण आदि सभी क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक का ज्ञान होना चाहिए। सरकारों द्वारा जन सुविधाओं व योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियम व कानूनों में बदलाव किये जाते हैं तथा लोकसेवक को एक निश्चित प्रक्रिया के तहत काम करना होता है, लोकसेवक को नियम व प्रक्रिया का ज्ञान होना चाहिए। जलवायु परिर्वतन, पर्यावरण प्रदूषण, प्राकृतिक आपदा, युद्ध तथा आकस्मिक घटनाओं में लोकसेवक को नियम के साथ स्वाविवेक का प्रयोग मानव व देश हित में करना चाहिए। देश के प्रत्येक नागरिक को लोकसेवकों का सम्मान करना चाहिए , उनके कार्य को प्रोत्साहित करना चाहिए।इस अवसर पर डॉ. राहुल कुमार व डॉ. विकास आर्य सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## संगत का प्रभाव मानव जीवन पर पड़ता है , सतसंगत से ही आत्मा भवसागर से पर होती है

बढ़ता राजस्थान

**कामां/ भरतपुर(यतेन्द्र पाण्डेय)।** तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि संत तो संतता के गुणों से है ना कि बाहरी वेशभूषा, दिखावा इत्यादि से। साधु, भक्त या महात्मा बनकर जो लोगों को धोखा देते हैं वह स्वयं को धोखा देते हैं। वह अपना जीवन पापमय बनाते हैं दूसरों का अहित चाहने वाले या करने वाले का कभी भी हित नहीं होता है। पतन या पाप का कारण प्रारब्ध नहीं है बल्कि विवेक का अनादर करके कामना के वश में होने पर मनुष्य पाप कर्म करता है तभी उसका पतन होता है। किसी भी स्थिति,अवस्था,प्राणी ,पदार्थ,वस्तु आदि से जो सुख की आशा रखता है वह कभी सुखी नहीं हो सकता। वह सदैव निराश ही रहेगा व दुखी रहेगा । सच्चा सुख तो परमात्मा की ही शरण में है। ईश्वर ही सत्य है। समस्त संसार मिथ्या है। परमात्मा को प्राप्त सत्पुरुष में दिखने वाले गुण भी सत् है । जैसे सद्गुण,सद्भाव, सद्विचार, सदव्यवहार व सत्यभाषण इत्यादि जिसमें यह सब है वह सत्पुरुष हैं । तथा ऐसे सत्पुरुषों,उनके विचारों या सदाचारों का संग ही सत्संग है। संग का प्रभाव अवश्य पड़ता है। अच्छा संग करो, अच्छा देखो, अच्छा बोलो, अच्छा सुनो, अच्छा विचारो। सत्संग का जीवन में प्रत्यक्ष फल सेवन करते ही दिखाई देगा। जिनका जीवन कौए व बगुले जैसा है वह कोयल व हंस जैसे बन जाएंगे। उनकी वाणी में कोमलता, सहृदयता, मिठास इत्यादि होंगे व दिखावे से रहित अंदर व बाहर से पवित्र, विवेकशील बन जाएंगे ।

अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भावविभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो गया व श्री गुरु महाराज, कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या की जय जयकार से गूंज उठा।

## डॉ.श्यामा मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में भाजपा मना रही है - जिला अध्यक्ष राजवीर राजावत



बढ़ता राजस्थान

**बसेड़ी (राजू शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी बसेड़ी मंडल के द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रीराम गार्डन में मंडल अध्यक्ष भैरोंसिंह परमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें मुख्यवक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर राजावत जी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर कोटि-कोटि नमन। उन्होंने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस और पुरुषार्थ का परिचय दिया। राष्ट्र निर्माण में उनका अमूल्य योगदान हमेशा श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा।कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित किया और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा ब्रजराज सिंह परमार, पूर्व मंडलध्यक्ष सुरेश परमार, महामंत्री कवेद्र सिंह परमार, कार्यक्रम संयोजक महेन्द्र कोली,कार्यक्रम सह संयोजक धीरेन्द्र परमार, पप्पू परमार सुरेश शर्मा,प्रदीप महेरे, लक्ष्मण सिंह, चरण सिंह कुशवाह,लक्ष्मण पुरी, राकेश सिंह परमार,गौरी शंकर, संदीप परमार, मातादीन, महेश शर्मा, द्वारिका प्रसाद भीकम कोली एवं अन्य पदाधिकारीगण और कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## मंसूरी समाज का आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन 2 नवं. को कपासन में होगा



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** मंसूरी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी उदयपुर के तत्वावधान मे दरगाह हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. में मंसूरी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होगा। सोसायटी सैक्रेट्री जाहिद हुसैन मंसूरी ने बताया कि दरगाह शरीफ के मिटिंग हॉल मे रविवार को सदर अब्दुल लतीफ की अध्यक्षता एवं हाजी आजाद हुसैन मंसूरी सांवलियाजी की सरपरस्ती मे तिलावते कलाम पाक के बाद बैठक शुरू हुई।जिसमे अब्दुर्रहीम मंसूरी राजसमंद, एडवोकेट राशिदुल गफूर, मास्टर गुलाम जीलानी चित्तौड़गढ़, शोकत अली रेलमंगरा, मो. हुसैन मंसूरी धरियावद, अल्लादीन मंसूरी कुंवारिया, मो. अली मंसूरी शाहपुरा भीलवाडा, मोहम्मद अनीस मंसूरी बेंगू आदि द्वारा विचार व्यक्त करते हुवे कहाकि आज के दौर मे हुजूर स.अ.व. की सुन्नत पर अमल करते हुवे शादी ब्याह व दीगर रस्म मे खर्च कम कर शिक्षा एवं रोजगार पर खर्च करें।जिससे समाज व देश का विकास होगा।साथ ही सर्व सम्मति से कपासन मे 2 नव. रविवार को दरगाह हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. मे सामुहिक विवाह सम्मेलन का प्रस्ताव लिया गया। सोसायटी कोषाध्यक्ष मोहम्मद युसूफ मंसूरी ने आमद व खर्च का ब्योरा प्रस्तुतकिया। इस दौरान हाजी असलम गोरी, मोहम्मद युसूफ निम्बाहेडा, मास्टर अब्दुल हमीद, जलालुद्दीन मंसूरी, मास्टर उमर मंसूरी चित्तौड़गढ़, हाजी उस्मान मंसूरी सदर मंसूरी समाज कांकरोली, आईएम मंसूरी, अख्तर हुसैन उदयपुर, हमीद खां मंसूरी खेरोदा, अब्दुल रज्जाक भूपालसागर एवं कपासन क्षेत्रों के समाजजन उपस्थित रहे।

## बारिश के मौसम में सतर्कता आवश्यक- सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी

### फिल्ड़ में एंटीलावर्ल गतिविधियों में लाएं गति, 24 घंटे नियंत्रण कक्ष हो सक्रिय

### मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए चिकित्सा संस्थान रहें अलर्ट मोड़ पर

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने मानसून के दृष्टिगत जिलेभर में स्वास्थ्य सतर्कता बरतने और मच्छरजनित एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य मौसमी रोगों का प्रकोप बढ़ सकता है, जिसे लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग पूर्ण सतर्कता बरत रहा है। सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी ने सभी बीसीएमओ और चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक रविवार ड्राई डे के दौरान फील्ड में नियमित रूप से की जा रही एंटी लार्वा गतिविधियां संपादित करने मे तेजी लाये, जलभराव की स्थिति पर नियंत्रण रखें तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। साथ ही, स्थानीय निकायों के समन्वय से फॉगिंग और लार्वा रोधी गतिविधियों को गति देने के निर्देश भी दिए। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झरवाल ने बताया कि मौसमी बीमारियों के त्वरित उपचार के लिए सभी चिकित्सा संस्थानों को पहले से ही अलर्ट किया गया है। फील्ड में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए लगातार एंटीलारवल गतिविधियां संपादित की जा रही है, जिला व ब्लॉक स्तर पर 24 घंटे नियंत्रण कक्ष की स्थापित किये गये है। अस्पतालों में दवाओं, जांच किट्स तथा चिकित्सकों की शिफ्टवार ड्यूटी की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## जजावर स्कूल मे अतिरिक्त विषय खोलने की मांग को लेकर सीएम से मिला डेलिगेशन

बढ़ता राजस्थान

**जजावर ( पदम शाह )।** कस्बे के सरकारी हाई स्कूल मे अतिरिक्त विषय खोलने की मांग को लेकर आज मुख्य मंत्री की जन सुनवाई कार्यक्रम मे स्थानीय पूर्व सरपंच एवं भाजपा नेता वीरेंद्रसिंह हाडा एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री दीक्षांत सोनी ने मुख्य मंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन दिया। सीएम को दिए गए ज्ञापन के अनुसार करीब 25 वर्ष पूर्व यह स्कूल सेकेंडरी से हायर सेकेंडरी में क्रमोन्नत हुआ था तब से लेकर आज तक इस विद्यालय में हिंदी, इतिहास एवं राजनीतिक विज्ञान विषय ही संचालित हैं जिसकी वजह से छात्र-छात्राओं को अंक प्रतिशत बनाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं जिसकी वजह से स्कूल मे नामांकन भी प्रभावित हो रहा है एवं वर्तमान परिवेश के आधार पर संचालित विषयो को छात्र महत्व कम देते है जिसकी वजह से क्षेत्र के गरीब मजदूर एवं किसान परिवार के बच्चे उच्च शिक्षा के तक पहुंच ही नही पाते क्योंकि स्कूल मे वर्तमान परिवेश के अनुसार एक भी प्रायोगिक विषय संचालित नहीं है। दोनो नेताओ ने मुख्य मंत्री को बताया कि पिछ्ली सरकार के दौरान भी क्षेत्रवासीयों ने इस स्कूल में अतिरिक्त विषय खोलने की काफी मांग की ज्ञापन भी दिए लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। पूर्व सरपंच एवं क्षेत्रीय भाजपा नेता ने मुख्य मंत्री को बताया कि स्कूल मे स्कूल खातेदारी की दो बीघा जमीन भी हैं एवं कृषि विज्ञान संकाय की भी सारी पात्रता स्कूल पूर्ण कर रहा है साथ ही आसपास 15 से 20 किमी के दायरे मे किसी स्कूल मे कृषि संकाय भी नही हैं। ज्ञापन के माध्यम से दोनो नेताओ ने बताया कि इस स्कूल मे करीब 25 वर्षों से कला संकाय ही संचालित है जिसमे हिंदी, इतिहास एवं राजनितिक विज्ञान विषय स्वीकृत है स्कूल मे चित्रकला, भूगोल एवं अंग्रेजी विषय में से कोई भी अतिरिक्त विषय का होना अतिआवश्यक हो गया है इसलिए छात्र छात्राओं के हित मे अतिरिक्त विषय स्वीकृत किए जाए। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री सोनी ने बताया कि मुख्य मंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए भरोसा दिलाया कि स्कूल मे कला संकाय में अतिरिक्त विषय खोलने एवं कृषि विज्ञान संकाय की स्वीकृति के लिए सरकार हर संभव प्रयास करेगी।

# भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल में जल्द हो कार्डियोलॉजी विशेषज्ञों की नियुक्ति, समाजसेवी मोहम्मद हारून रंगरेज ने उठाई आवाज

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा जिले का सबसे बड़ा और प्रमुख शासकीय अस्पताल महात्मा गांधी हॉस्पिटल आज भी आवश्यक हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) और अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से वंचित है। इस गंभीर स्थिति को लेकर समाजसेवी मोहम्मद हारून रंगरेज ने राज्य सरकार और चिकित्सा विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट, एंजियोग्राफी मशीन और स्टेंट सुविधा की व्यवस्था की जाए। मोहम्मद हारून रंगरेज, जो कि पूर्व सदस्य राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी रह चुके हैं, ने बताया कि महात्मा गांधी अस्पताल न केवल भीलवाड़ा, बल्कि



आसपास के जिलों जैसे - राजसमंद, अजमेर, कोटा, चित्तौड़गढ़ और ब्यावर तक के मरीजों के इलाज का एकमात्र भरोसा है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े अस्पताल में न तो हार्ट स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं, न ही एंजियोग्राफी होती है और न ही स्टेंट लगाया जाता है।

### गरीबों के लिए है एकमात्र सहारा, लेकिन सुविधाएं नदारद

हर साल हजारों गरीब मरीज हार्ट अटैक जैसे गंभीर मामलों में इलाज के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचते हैं। लेकिन उचित चिकित्सा सुविधा न होने की वजह से उन्हें अन्य शहरों में रेफर कर दिया जाता है। मोहम्मद हारून रंगरेज ने बताया कि कई बार मरीजों की रास्ते में ही मृत्यु हो जाती है, जो एक बेहद पीड़ादायक स्थिति है।

### भीलवाड़ा स्वास्थ्य अपडेट 7 एमजीएच में कार्डियोलॉजी विभाग पर सियासी ब्रेक?

महात्मा गांधी अस्पताल (एमजीएच), भीलवाड़ा में कार्डियोलॉजी विशेषज्ञों की नियुक्ति की बहुप्रतीक्षित प्रक्रिया एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गई है। सूत्रों की मानें तो अस्पताल में कार्डियोलॉजी यूनिट को सुदृढ़ करने की योजना लंबे समय से चल रही है, लेकिन राजनीतिक खींचतान और कुछ प्रभावशाली लोगों की दखलअंदाजी के चलते यह प्रक्रिया बार-बार अटकती जा रही है। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े जानकारों का कहना है कि जिले में बढ़ते हृदय रोगों के मामलों को देखते हुए कार्डियोलॉजी विशेषज्ञों की तत्काल नियुक्ति जरूरी है। मगर अफसोस की बात है कि जनहित के इस गंभीर विषय को भी राजनीति का शिकार बना दिया गया है।

### सरकार से की यह विशेष मांग

मोहम्मद हारून रंगरेज ने प्रदेश सरकार, चिकित्सा मंत्री और चिकित्सा विभाग से गुहार लगाई है कि भीलवाड़ा जैसे महत्वपूर्ण जिले के लिए तत्काल कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए, एंजियोग्राफी मशीनें और स्टेंट की व्यवस्था हो ताकि समय रहते हृदय रोगियों का जीवन बचाया जा सके।

# भाजपा नेता की आत्महत्या का मामला सूदखोरी के दो आरोपियों की गिरफ्तारी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** पुलिस थाना आसीन्द ने भाजपा नेता लादूलाल तेली की आत्महत्या के मामले में दो सूदखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई लादूलाल के द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट और उसके बेटे द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लादूलाल तेली ने 24 मई 2025 को विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था, जिसकी इलाज के दौरान 27 मई को मृत्यु हो गई। बाद में घर की सफाई के दौरान उनका सुसाइड नोट मिला, जिसमें उन्होंने सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करने की बात लिखी थी। रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपियों ने ब्याज के नाम पर मृतक से मूल रकम की कई गुना वसूली कर ली थी, इसके बावजूद उन्हें खाली चैक व स्टाम्प्स पर हस्ताक्षर करवाकर लंबे समय तक धमकाते और प्रताड़ित करते रहे। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी देबीलाल मेवाड़ा से मृतक ने वर्ष 2010 में उधार लिया





था। वर्ष 2016 तक ब्याज समेत 60 लाख रुपये का लेनदेन तय कर स्टाम्प पर लिखा-पढ़ी भी कर ली गई थी। इसके बावजूद देबीलाल ने लादूलाल से चार खाली चैक लेकर उनमें मनमानी रकम भरकर बैंक में जमा करवा दिए, जिससे चैक बाउंस हो गए और वह इन्हें जेल भेजने की धमकी देने लगा। इससे तंग आकर लादूलाल ने आत्महत्या कर ली। वहीं दूसरा आरोपी सत्यनारायण जोशी मृतक की जमीन को लेकर लगातार उसे प्रताड़ित करता रहा। जब भी लादूलाल अपनी जमीन बेचने की कोशिश करता, सत्यनारायण उस पर कब्जे का दावा कर खरीदारों को डरा देता और जमीन में से एक प्लॉट की मांग करता रहा। लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर मृतक ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने 21 जून को देबीलाल मेवाड़ा को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से चार चैक और एक स्टाम्प भी जब्त किए गए। 22 जून को दूसरे आरोपी सत्यनारायण जोशी को भी तलाश के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति सूदखोरों से परेशान है या ब्याज का ब्याज लेकर प्रताड़ित किया जा रहा है, तो वह न घबराए और तुरंत संबंधित पुलिस थाने या पुलिस नियंत्रण कक्ष से सम्पर्क कर शिकायत दर्ज करवाएं। पुलिस प्रशासन ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

## डॉ. मुखर्जी के आदर्श और सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है : विधायक कृपलानी

### डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा नेताओं ने किए श्रद्धासुमन अर्पित



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष प्रखर वक्ता एवं शिक्षाविद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को नगर के जे.के. तिराहे पर स्थित डॉ. मुखर्जी उद्यान में आदमकद प्रतिमा पर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचन्द कृपलानी की विशेष उपस्थिति में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक कृपलानी ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। यहां भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कृपलानी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे, उन्होने राष्ट्र की अस्मिता एवं अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलीदान दे दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी के आदर्श और सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। श्रद्धेय मुखर्जी जी ने देश की सांस्कृतिक और राजनीतिक एकता के लिए अद्वितीय कार्य किये थे, उनकी विचारधारा और आदर्श हम सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष कपिल चौधरी, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, नीलेश मेहता, कमलेश बुनकर, भाजपा नेता विशाल सोनी, नवीन खंडेलवाल, नगर उपाध्यक्ष पुष्कर सोनी, गोपाल पंचौली, लक्की आहूजा, जगदीश माली, कोषाध्यक्ष नीलेश भूतड़ा, नगर मंत्री कैलाश सेन, ओमप्रकाश नाथ, रतन वैष्णव, शिवदयाल कुमावत, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष लाला दशोरा, निवर्तमान पार्षद मयंक अग्रवाल, भाजयुमो उपाध्यक्ष रामनिवास जाट, कमल रावत, दीपक अग्रवाल, लोकेश लड्ढा, केशव कासट, अंतरिक्ष साहू, मोहन धनकानी, कैलाश प्रजापत, रोशन लाल प्रजापत आदि ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी अमर रहे के नारे लगाएं।

# डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा नगर मंडल कपासन ने संगोष्ठी कर श्रद्धांजलि अर्पित दी

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** भारतीय जनसंघ संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया की अगुवाई में विधायक अर्जुनलाल जीनगर के कार्यालय पर डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में ग्राम सेवक सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर ने संबोधित करते हुवे कहाकि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में लागू परमिट व्यवस्था का सर्वप्रथम विरोध किया तथा देश में दो विधान दो निशान व दो प्रधान व्यवस्था का विरोध करते हुवे अपना बलिदान दिया। इस संगोष्ठी में मंडल महामंत्री सोहन खटीक, गजेंद्र बागमार,अशोक विजयवर्गीय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास



बारेगामा,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा, महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी सिरोया, नगर पालिका पार्षद मुकेश पालोड, गोपाल पुर्बीया, बूथ अध्यक्ष राधेश्याम पुर्बीया, हसमुख टेलर,मुकेश सिरोया, भगवतीलाल आचार्य, युवा मोर्चा के गौरव दाधीच, मनीष बारेगामा, केसर सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. मुखर्जी के सिद्धांतों को आत्मसात कर राजनीतिक क्षेत्र में सेवा कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया गया। इस दौरान संगोष्ठी में उपस्थित क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि के साथ श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी।कार्यक्रम संचालन भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष गजेंद्र बागमार द्वारा किया गया।

# चारागाह भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( आबिद हुसैन )।** जिले के गंगधार तहसील क्षेत्र के गांव पुंवारखेड़ी कि ग्रामीणों ने चरागाह व सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरोध में गंगधार तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि गांव में कुछ अतिक्रमियो द्वारा चरागाह भूमि व सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर फसल की बुवाई कर रखी है, जिससे गांव के मवेशियों को चरने के लिए कोई जगह ही नहीं बची, मवेशी सड़क पर आते हैं जिससे हादसे की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों द्वारा कई बार अतिक्रमियों को कब्जा हटाने के लिए कहा गया तो अतिक्रमी ग्रामीणों से ही लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं और कब्जा छोड़ने को तैयार नहीं है, बरखेड़ा से तलाई की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग भी अतिक्रमण के कारण पूर्ण रूप से बंद हो गया है। जिसे लेकर ग्रामीणों द्वारा चरागाह भूमि व सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

## संगम विश्वविद्यालय और आर्कगेट उदयपुर के बीच एमओयू

### छात्रों को मिलेगा इंटर्नशिप और प्लेसमेंट का लाभ



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** संगम विश्वविद्यालय भीलवाड़ा और आईटी सेवा कंपनी आर्क गेट उदयपुर के बीच समझौता (एमओयु) पर हस्ताक्षर किए गए। संगम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ करुणेश सक्सेना ने बताया की इस समझौते का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उद्योग आधारित इंटर्नशिप, शैक्षणिक भ्रमण, कौशल आधारित ट्रेनिंग, तकनिकी ज्ञान, विशेषज्ञ सत्र एवं प्लेसमेंट अवसर प्रदान करना हे। प्रो वीसी डॉ मानस रंजन पाणिग्रही ने बताया की इस तरह की पहल से विद्यार्थियों का शैक्षणिक विकास ही नहीं, बल्कि वे 'इंडस्ट्री रेडी' भी बनेंगे। प्रोजेक्ट्स और विशेषज्ञ सेशंस की व्यवस्था से छात्रों के आत्मविश्वास एवं तकनीकी दक्षता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। आर्कगेट का सहयोग प्रशंसनीय है। रजिस्ट्रार डॉ राजीव मेहता ने इस सहयोग को छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु मील का पत्थर मानते हैं और इस अवसर के लिए आर्कगेट का धन्यवाद करते हैं। कंपनी के ह्यूमन रिसोर्स प्रमुख श्री दक्ष भटनागर ने बताया कि युवा प्रतिभाएं राष्ट्र का भविष्य हैं। संगम विवि के साथ यह साझेदारी हमें नई टेक्नोलॉजी साझा करने और प्रतिभाओं को विकसित करने का अवसर देगी। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ अनुराग शर्मा ने बताया की समझौता ज्ञापन पर संगम विवि के कुलपति प्रो डॉ करुणेश सक्सेना एवं आर्क गेट के ह्यूमन रिसोर्स मैनेजर श्री दक्ष भटनागर ने हस्ताक्षर किये।

"गीता के अनमोल वचन जीवन का उद्देश आत्म साक्षरता और मोक्ष प्राप्त करना हैं।"

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## देवली में गंदे नालों की सफाई कार्यों में खुलेआम देखा जा सकता है भ्रष्टाचार

# लाखों का ठेका देने के बावजूद बारिश से पहले नालों की सफाई नहीं करवा पाई नगर पालिका

**.संबंधित अधिकारी को ठेकेदार सरकारी धन को चूना लगाने की नियत पर कागजों में कर रहे नालों की सफाई**

**.पिछले 5 सालों में नालों की सफाई और मरम्मत पर करोड़ों खर्च, धरातल पर भ्रष्टाचार के चलते हालात ज्यो के त्यो**

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )** । नालो की सफाई और मरम्मत की बात करें तो यहां नालों की सफाई और मरम्मत के नाम पर खुला भ्रष्टाचार साफ तौर पर देखा जा सकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नालों की सफाई और मरम्मत के नाम पर देवली पालिका के अधिकारी सुरेश कुमार मीणा पिछले 8 वर्षों से यहां नियुक्त रहते हुए करोड़ों रू के टेंडर जारी कर चुके हैं । बावजूद इसके देवली शहर की जनता को इसका पूरा-पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में शहर के नालों के हालातो को देखें तो उक्त नालों के नाम कार्य धरातल पर नहीं होकर मिली भगत के फेर में केवल कागजों में ही ह होता चला आ रहा है। इसलिए की पिछले एक सप्ताह से देवली शहर में बारिश का दौर रुक रुक कर जारी है। और सोमवार को यहां दिन भर बारिश का दौरा बना रहा इसके चलते मामूली बारिश पर भी बारिश का रोड पर ही बहता दिखाई दिया। इसलिए की शहर के नाले गंदगी से सटे हुए अपनी बदहाली पर देवली पालिका में चल रहे भ्रष्टाचार की पोल खोल रहे हैं । यह कहना कोई मुश्किल नहीं होगा कि नालों की सफाई और मरम्मत का कार्य शहर भर में धरातल स्तर पर नहीं होकर केवल कागजों में हो रहा है। इतना ही नहीं यहां साफ तौर पर सरकारी धन को चूना लगाने की नीयत से उक्त कार्यों की आड़ में जमकर भ्रष्टाचार होना देखा जा सकता है । उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही मे देवली पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने,23 अप्रैल 2025 को शहर के नालों की सफाई कार्य के नाम 8 लाख 61 हजार का ठेका दिया है । ऐसे में नगर पालिका के अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने नालों की सफाई करवाये जाने को लेकर ठेकेदार को ठेका तो दे दिया,लेकिन नगर पालिका के उक्त अधिकारी ने ठेकेदार से शहर की नालों की सफाई करवाने में केवल महज खानापूर्ति की हैं। इसलिए की शहर के 90 प्रतिशत नाले आज भी पूर्ण सफाई के अभाव में कीचड़




कादा गंदगी से सटे हुए पालिका प्रशासन की सफाई कार्य मे हो रहे भ्रष्टाचार भरी नीति की पोल खोल रहे हैं।

गौर तलब है कि देवली शहर महज 25 वार्ड का एकमात्र छोटा शहर है । ऐसे में देवली शहर के नालों की सफाई और मरम्मत को लेकर नगर पालिका पूरे वर्ष में कई मर्तबा लाखों करोड़ों रुपए का टेंडर निकालकर चहते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने की भूमिका में बने हुए हैं। ऐसे में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर में उक्त कार्य के नाम सरकारी कोष से प्रतिवर्ष लाखों करोड़ों रू का खर्च कागजों में दर्शाकर कर सरकारी धन का जमकर दुरुपयोग कर रहे हैं। ऐसे हालात देवली शहर के चप्पे-चप्पे पर देखे जा सकते हैं कि नगर पालिका द्वारा करवाये जा रहे हैं उक्त धरातल स्तर पर कितना हो पाए हैं। ऐसे में लोगों का मानना है कि नगर पालिका अधिकारी अपने चहते ठेकेदार को लाखों का फायदा पहुंचाने की भूमिका में बने हुए हैं इसलिए की अभी हाल ही में दो माह पहले नालों की सफाई कार्य हेतु पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने 8 लाख 61 हजार रू का ठेका दिया था। तो वही 2 महीने गुजर जाने के बाद भी शहर भर के पूर्ण नालों की सफाई नहीं हो पाई है। आपदा समय से पहले नालों की सफाई का कार्य समय रहते नहीं हो पाया है। इससे साफ जाहिर होता है कि भ्रष्टाचार की नीति के बीच अधिकारी और ठेकेदार कि मिली भगत से सरकारी यहाँ केवल धन का दुरुपयोग हो रहा है ।

### इनका कहना

जब नालों की सफाई के बारे में अधिकारी से पूछा गया तो इस पर अधिकारी ने कहा कि आप कहते हो आपको लगता है कि नालों की सफाई नहीं हुई है तो आप लिख दीजिए नालों की सफाई नहीं तो नही हुई। साथ में फोटो खींचकर लगा दीजिए।

सुरेश कुमार मीणा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका देवली

## बाड़मेर में 2 भाइयों समेत 3 लोगों की मौत:ट्रेलर की टक्कर से टेम्पो के 2 टुकड़े हुए, एक हिस्सा 100 फीट दूर गिरा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर ( नि.स. )।** बाड़मेर में नेशनल हाईवे-68 पर ट्रेलर और टेम्पो के बीच भीषण भिड़त हो गई। हादसे में टेंपो सवार 2 चचेरे भाइयों समेत 3 लोगों की मौत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि 2 लोगों की तो मौके पर ही मौत हो गई और तीसरे की अस्पताल में इलाज के



दौरान जान चल गई। हादसे में 3 लोग गंभीर घायल हो गए।भिड़ंत इतनी तेज थी कि टेम्पो के परखच्चे उड़ गए। उसका आगे से हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और पिछला हिस्सा उछलकर करीब 100 फीट दूर जाकर गिरा। घटना बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी थाना क्षेत्र की है।गुड़ामालानी थानाधिकारी देवी चंद ढाका ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नेशनल हाईवे-68 पर पर गांधव में रविवार रात करीब साढ़े 9 बजे एक ट्रेलर ने सवारियों से भरे टेंपो को टक्कर मार दी। जिस पर गुड़ामालानी पुलिस मौके पर पहुंची।टेम्पो सवार लोग कैटर्स का काम निपटाकर घर लौट रहे थे, इसी दौरान यह हादसा हुआ। हादसे में 3 गंभीर घायल को सांचोर प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया। इसमें 1 युवक की हालत नाजुक होने पर उससे पालनपुर रेफर कर दिया गया। हादसे में 2 चचेरे भाई की मौत हुई है।

### टक्कर मारकर भागा ट्रेलर, पुलिस ने पीछा कर पकड़ा

थानाधिकारी ढाका ने बताया- गुड़ामालानी पीपराली गांव निवासी रामाराम (19) पुत्र दानाराम उसका चचेरा भाई दिनेश पुत्र चूनाराम, अशोक पुत्र जेठाराम, गणपत यह सभी सांचोर में कैटर्स का काम निपटाकर अपने गांव लौट रहे थे। यह चारों एक सवारी टेम्पो में बैठ गए। इनके साथ में लाल सिंह पुत्र भैर सिह निवासी भापड़ी, जालोर और रामाराम पुत्र घमंडाराम खारवां गुड़ामालनी भी सवार थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे-68 पर गांधव गांव में सामने से आ रहे ट्रेलर ने टेम्पो को टक्कर मार दी। इसके बाद ड्राइवर ट्रेलर लेकर भाग गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रेलर का पीछा कर ड्राइवर व ट्रेलर को पकड़ लिया।

### दो की मौके पर मौत, एक ने हॉस्पिटल में तोड़ा दम

हादसे में रामाराम पुत्र दानाराम और लाल सिंह पुत्र भैर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। बाकी चारों गंभीर घायलों को सांचोर हॉस्पिटल भेजा गया। वहां पर इलाज के दौरान दिनेश पुत्र चूनाराम ने दम तोड़ दिया। वहीं हालात नाजुक होने पर रामाराम पुत्र घमंडाराम को सांचोर से पालनपुर गुजरात रेफर किया गया है। वहीं 2 का इलाज सांचोर में चल रहा है।

## 24-घंटे मूंगफली के छिलकों में दबे रहे पति-पत्नी, बेटी; मौत:घर से मंदिर के लिए निकले थे, बाइक पर पलटा ट्रक; प्रेग्नेंट थी महिला

बढ़ता राजस्थान

**सीकर ( नि.स. )।** सीकर में ढाई साल की बेटी सहित पति-पत्नी 24 घंटे तक मूंगफली के छिलकों के ढेर में दबे रहे। युवक



प्रेग्नेंट पत्नी और बेटी के साथ बाइक पर जा रहा था। अचानक उन पर मूंगफली के छिलकों से भरा हुआ ट्रक पलट गया।परिजन उनको बार-बार कॉल कर रहे थे, लेकिन उनका मोबाइल फोन बंद था। उधर, हादसे के जगह से मूंगफली के छिलकों का ढेर हटाया जा रहा था। करीब 24 घंटे बाद तीनों के शव उसके नीचे दबे मिले।मामला जिले के अजीतगढ़ थाना इलाके के धाराजी घाटा का है। सोमवार को तीनों के शव मिलने के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और प्रदर्शन करने लगे।

### बाइक पर मंदिर जा रहे थे

शाहपुरा थाना इलाके के गांव चतरपुरा के रहने वाले राजेंद्र गुर्जर (28) पत्नी अनु गुर्जर (22) और ढाई साल की बेटी अयांशी के साथ अजीतगढ़ स्थित जगदीश धाम मंदिर जा रहे थे। वे रविवार सुबह बाइक पर घर से निकले थे। सुबह करीब 8 बजे धाराजी घाटी पर मूंगफली के छिलकों से भरा हुआ ट्रक अचानक उनकी बाइक पर पलट गया।इधर, देर रात तक जब तीनों घर नहीं पहुंचे तो परिजन चिंता करने लगे। राजेंद्र और अनु को कॉल भी किए, लेकिन उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ था। इसके बाद परिजन शाहपुरा थाने पहुंचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### मूंगफली के छिलकों का ढेर हटाया तो शव मिले

अजीतगढ़ थानाधिकारी मुकेश सेपट ने बताया- कल हादसे की जानकारी मिलने पर टीम मौके पर पहुंची थी। ट्रक के आगे का हिस्सा हटा दिया था। सोमवार सुबह करीब 8 बजे जब मूंगफली के छिलके हटाए जा रहे थे तो तीनों के शव वहां नीचे दबे हुए मिले।जैसे ही तीनों के शव मिले तो परिजनों को सूचित किया गया। इस हादसे के बाद शाहपुरा और अजीतगढ़ समेत आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे।

## राजस्थान यूनिवर्सिटी की फर्स्ट कटऑफ लिस्ट जारी-24 से 26 जून तक होंगे डॉक्यूमेंट वेरीफाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** राजस्थान यूनिवर्सिटी (RU) के संगठक कॉलेजों में अंडर ग्रेजुएट (G) कोर्स के लिए फर्स्ट कटऑफ लिस्ट जारी कर दी गई है। इसमें 100% सीटों के लिए स्टूडेंट का सिलेक्शन किया जाएगा। इसके आधार पर स्टूडेंट्स का महारानी कॉलेज, महाराजा कॉलेज, कॉमर्स कॉलेज और राजस्थान कॉलेज में बीए, बीकॉम, बीएससी पास कोर्स, ऑनर्स कोर्स के साथ सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा, बीसीए, बीबीए, बीपीए में एडमिशन होगा।

राजस्थान यूनिवर्सिटी की सेंट्रल एडमिशन कमेटी के कन्वीनर प्रोफेसर रामावतार शर्मा ने बताया- राजस्थान यूनिवर्सिटी और उससे जुड़े संगठक कॉलेजों में एडमिशन के लिए प्रदेशभर से बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने आवेदन किया था। इसके बाद आज संगठक कॉलेजों को फर्स्ट कटऑफ लिस्ट जारी की गई है। ऐसे में अब कटऑफ के आधार पर स्टूडेंट्स 24 से 26 जून तक फिजिकली डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करा सकेंगे।

# लव मैरिज से नाराज भाई-जीजा ने महिला का गला काटा

## 11-महीने के भांजे को रेलवे ट्रैक पर छोड़ा, कटकर 2 टुकड़े हुए

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर में एक ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। यहां नाबालिग भाई ने अपने जीजा के साथ मिलकर बहन और भांजे की बेरहमी से हत्या कर दी। बहन ने घर वालों के खिलाफ प्रेम विवाह किया था। हत्या के एक सप्ताह बाद पुलिस जांच में पूरी मामले का खुलासा हुआ है। भाई ने पहले बहन का गला घोंटा, फिर ब्लेड से गला काट दिया। इसके बाद उसने 11 महीने के मासूम भांजे को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया, ट्रेन से कटकर मासूम के 2 टुकड़े हो गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक नाबालिग बहन से बदला लेना चाहता था।

### 17 जून को अलग-अलग जगह मिले दोनों के शव

कोतवाली थानाधिकारी हरि नारायण मीणा ने बताया कि 17 जून (मंगलवार) सुबह 11 बजे धौलपुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर 11 महीने के मासूम का शव दो टुकड़ों में





मिला था। इसके 8 घंटे बाद शाम करीब 7 बजे महिला का शव एफसीआई गोदाम के पीछे मिला। महिला के गले पर ब्लेड से काटने के निशान मिले। पुलिस को मौके पर दो बैग भी मिले, जिनमें महिला के साथ एक बच्चे के भी कपड़े मौजूद थे। बैग में पुलिस को कुछ मोबाइल नंबर लिखी एक पर्ची



भी मिली।उन नंबरों पर पुलिस ने बात की तो महिला की पहचान यूपी के आगरा के तेरहा गांव निवासी ट्विंकल ठाकरे (22) पुत्री श्रीकुमार के रूप में हुई। पर्ची में मिले मोबाइल नंबर से महिला के पति दीपक उर्फ विपिन यादव को फोन किया, जिससे दोनों की पहचान हुई।

### 16 जून को घर ले जाने के बहाने नर्मदापुरम से लेकर गया था भाई

युवती के पति विपिन यादव ने पुलिस को बताया कि ट्विंकल ने घर वालों के खिलाफ जाकर प्रेम विवाह किया था। प्रेम विवाह के बाद ट्विंकल अक्टूबर 2023 से अपने पति के साथ नर्मदापुरम (मध्यप्रदेश) में रह रही थी। 16 जून (सोमवार) को उसका नाबालिग भाई आया और कहा कि घर ले जाने आया हूं। इसके बाद वह दोनों को साथ ले गया ।

### पहले गला घोंटा, फिर ब्लेड से काटा

कोतवाली थाना के रीडर लोकेश कुमार ने बताया कि आरोपी ने अपने जीजा मिथुन के साथ मिलकर हत्या की थी। वह भी धौलपुर के सुंदरपुरम का रहने वाला है। दोनों आरोपियों ने पहले ट्विंकल का गला घोटा। उसके बाद ब्लेड से गला रेत दिया। सीओ सिटी मुनेश मीणा ने बताया कि बहन की हत्या के बाद 11 महीने के भांजे को रेलवे ट्रैक पर छोड़ दिया, जहां ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई।

### मां की मौत का बदला लेने के लिए हत्या

थानाधिकारी हरि नारायण मीणा ने बताया कि ट्विंकल ने प्रेम विवाह किया था, जिसके गम में ट्विंकल की मां की मौत हो गई। नाबालिग अपनी मां की मौत का कारण अपनी बहन को मानता था। मां की मौत के बाद से ही नाबालिग बदला लेने की फिराक में था। मौका मिलते ही उसने अपने जीजा के साथ मिलकर बहन और उसके बेटे की हत्या कर दी।

# विधायक महंत प्रतापपुरी पर टिप्पणी से फैला तनाव: आरोपी को पकड़ा तो भीड़ ने थाने पर किया पथराव, सरपंच पति समेत 13 गिरफ्तार

बढ़त राजस्थान

**पोकरण ( जैसलमेर ) ( नि.स. )।** जैसलमेर के पोकरण में विधायक महंत प्रतापपुरी की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर अमर्यादित टिप्पणी करने को लेकर कस्बे में तनाव का माहौल बन गया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद कार्रवाई का विरोध करने पोकरण थाने लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा। वहीं, उत्पात मचाने के आरोप में सरपंच पति समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 40 लोगों को नामजद किया गया है।



राजकार्य में बाधा और उत्पात मचाने के आरोप में पुलिस ने फिरोज खान समेत मौके से 19 लोगों को डिटेन किया। पूछताछ के बाद 13 लोगों की संलिप्तता पाई गई, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। फिरोज खान के नेतृत्व में पहुंचे लोग हिरासत में लिए गए आरोपियों को छुड़ाने के लिए पुलिस पर दबाव बना रहे थे। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है। 40 लोगों को शांतिभंग व उत्पात मचाने के आरोप में नामजद किया गया है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि राजकार्य में बाधा डालने और उत्पात मचाने के मामले में पोकरण थानाधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### कार्रवाई का विरोध करने पहुंचे लोगों ने थाने पर किया पथराव

जैसलमेर एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि 21 जून को पोकरण में आयोजित राज्य स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड की गई थीं। इनमें विधायक महंत प्रतापपुरी की तस्वीरें भी शामिल थीं, जिन पर कुछ असामाजिक तत्वों ने अमर्यादित टिप्पणियां की थीं। मामले में शिकायत मिलने के बाद पोकरण पुलिस ने पोकरण कस्बे से गोमट निवासी रफीक को रविवार रात करीब 9 बजे गिरफ्तार किया।इस कार्रवाई का विरोध करने के लिए रात करीब 10:30 बजे गोमट गांव के सरपंच पति फिरोज खान लगभग 60 लोगों के साथ पोकरण थाने पहुंचा। पुलिस द्वारा समझाइश के बावजूद वे नहीं माने और थाने पर पथराव शुरू कर दिया। हालांकि इस पथराव में किसी पुलिसकर्मी को चोट नहीं आई।

## उदयपुर में डॉक्टर की मौत पर FIR,मकराना में अंतिम विदाई:चाचा बोले- परिवार का पहला डॉक्टर था रवि, पीजी में गोल्ड मेडलिस्ट था

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स )।** उदयपुर में मेडिकल ऑफिसर डॉ. रवि शर्मा की करंट लगने से मौत के मामले में परिवार ने कॉलेज, हॉस्पिटल और हॉस्टल के लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ स्नह्वक्रदर्ज कराई है। डॉ. रवि शर्मा की मौत के मामले में उनके चाचा देवीकिशन शर्मा ने हाथीपोल थाने में शिकायत दी। पुलिस ने बीएनएस की धारा 106(1) के तहत लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।आरएनटी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर की मौत के मामले में रेजिडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी है। सोमवार को रेजिडेंट्स ने कॉलेज परिसर में



प्रशासन के खिलाफ रैली निकाली और पुतला दहन किया। रैली में कॉलेज प्रशासन मुर्दाबाद% के नारे लगाए गए।हड़ताल का असर अस्पतालों की सेवाओं पर गंभीर रूप से पड़ रहा है। एमबी हॉस्पिटल, जनाना, सुपर स्पेशियलिटी विंग के साथ-साथ चांदपोल और सेटेलाइट हॉस्पिटल में मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है।डॉ. रवि शर्मा की मौत के चौथे दिन रात करीब 11:15 बजे उनका पार्थिव शरीर एम्बुलेंस से मकराना भेजा गया। एमबी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में सैकड़ों रेजीडेंट डॉक्टर्स ने नम आंखों से अपने साथी को अंतिम विदाई दी। पुष्प वर्षा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जहां सोमवार उनका अंतिम संस्कार किया गया।पांचवें दिन भी रेजिडेंट्स की हड़ताल जारी है। कॉलेज परिसर में रेजिडेंट्स द्वारा कॉलेज प्रशासन के शव के पुतले की अंतिम यात्रा निकाली गई। फिर उसे जलाया गया।पांचवें दिन भी रेजिडेंट्स की हड़ताल जारी है। कॉलेज परिसर में रेजिडेंट्स द्वारा कॉलेज प्रशासन के शव के पुतले की अंतिम यात्रा निकाली गई। फिर उसे जलाया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार